## न्यूज ब्रीफ

### खाना बनाते समय झोपड़ी में लगी आग बुजुर्ग की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बिछौली गांव निवासी पूसेराम (65) पुत्र सुमेर की बाग में बनी झोपड़ी में दस अप्रैल को खाना बनाते समय अचानक आग लग गये। घटना के समय उनकी पत्नी फूलन देवी चूल्हे पर खाना बना रही थीं, तभी आग फैल गई और बीमारी के चलते चारपाई पर लेटे पूसेराम इसकी चपेट में आ गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पूर्व प्रधान ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से आग से झुलसे पूसेराम को सीएचसी निगोही लाया गया, जहां डॉ. ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां भी पूसेराम की हालत में सुधार नहीं आया तो उन्हें लखनऊ रेफर किया गया था। इसके बाद शनिवार रात 12 बजे पूसेराम की मौत हो गई।


मृतक पूसेराम

### ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के गांव चांदापुर निवासी जुगेन्दर ने बताया कि शुक्रवार सुबह उसका चार साल का पोता रिवांश घर के बाहर लघुशंका कर रहा था। गांव के आदेश ने तेज गति से ट्रैक्टर-ट्राली को बैक किया, जिससे उसके पोता की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किसी और से शादी करने पर युवती को धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सेहरामऊ दक्षिणी के गांव बीबीपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गांव का राधेश्याम उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करता है। 10 अप्रैल को आरोपी ने उसे और उसकी पुत्री को गालियां दी तथा एक लेटर दिया। लेटर लिखा था कि पुत्री की शादी किसी और के साथ की तो जान से मार डालेंगे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाई-बहन को लाठी डंडों से पीटा

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम गुदाह निवासी रमा देवी पत्नी रामऔतार वर्मा ने बताया कि उसका भाई बृजेश ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर घर आ रहा था, तभी रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने उसे रोककर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। बताया कि बृजेश जान बचाकर ट्रैक्टर छोड़कर घर भाग आया, तो हमलावर वहां भी पहुंच गए और मारपीट की। रमा देवी बचाने पहुंची तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने का आरोप

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री रविवार सुबह 5 बजे घर से टहलने के लिए निकली थी। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान महिला को पता चला कि मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी करन पुत्र झब्बू उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पीड़ित महिला की तहरीर पर कटरा पुलिस ने आरोपी करन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# ओवरटेक करने में बेकाबू पिकअप की कार से भिड़ंत, तीन सिपाही घायल

## मदनापुर-कटरा रोड पर हुई सड़क दुर्घटना, दो सिपाही बरेली रेफर

- **ड्यूटी के बाद कार से ढाबे पर खाना खाने जा रहे थे सिपाही**

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** मदनापुर-कटरा रोड पर तेज रफ्तार पिकअप ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार तीन सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों सिपाही मदनापुर थाने में तैनात हैं और ड्यूटी के बाद कार से ढाबे पर खाना खाने जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही मदनापुर थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा।

घायल सिपाहियों की पहचान नितिन चौधरी, हरेंद्र मलिक और सुनील कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि तीनों सिपाही कटरा-मदनापुर रोड पर जा रहे थे, तभी सामने चल रहे कंटेनर को ओवरटेक करते समय पिकअप अनियंत्रित हो गई और उनकी कार से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई


कार से बाहर निकाले गए घायल सिपाही। ● अमृत विचार

और उसमें सवार तीनों सिपाही घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य में सहयोग किया।

पुलिस ने तीनों घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां डॉ. ने प्राथमिक उपचार के बाद सिपाही हरेंद्र मलिक और सुनील कुमार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बरेली रेफर कर दिया, जबकि नितिन चौधरी का इलाज यहीं चल रहा है। बताया गया कि हादसे के समय पिकअप, कंटेनर और कार तीनों एक ही दिशा में जा रहे थे।

हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मदनापुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है और अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, दो रेफर

**तिलहर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के निगोही रोड स्थित जन्युरी पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर अंकित और अमन को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायलों की पहचान जन्युरी गांव निवासी कपिल कुमार, अंकित, रोहित और मोहनपुर परसेला निवासी अमन के रूप में हुई है। अमन ने बताया कि वह अपने साथी रमाकांत के साथ रविवार सुबह करीब 10 :30 बजे बाइक से डीजल लेने जा रहा था, तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई।

## आज से तेज होगा शिक्षकों का विरोध- प्रदर्शन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आर्य महिला डिग्री कॉलेज में पिछले कई दिनों से जारी स्टाफ रूम/प्राध्यापक कक्षों में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरे लगाए जाने को लेकर विवाद थमा नहीं है। सोमवार को शिक्षकों ने विरोध प्रदर्शन तेज करने की घोषणा की है।

महाविद्यालय के स्टाफ रूम/ प्राध्यापक कक्षों में वॉयस रिकॉर्डिंग युक्त एआई कैमरे लगाए जाने का विरोध शिक्षक कई दिनों से कर रहे थे। प्राचार्या से महिला प्रोफेसरों ने नाराजगी जताई। लेकिन जब बात नहीं बनी तो उन्होंने विरोध के स्वर तेज कर दिए।

शनिवार को कैमरे लगाए जाने के विरोध में सांकेतिक रूप से काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते हुए इस संबंध में प्राचार्य को पत्र भी दिया गया था, जिसे कार्यालय द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया। इसके बाद पत्र को रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से प्राचार्य को भेजा गया।

महिला शिक्षकों का आरोप है कि जब वे निर्धारित समय पर महाविद्यालय पहुंचे तो उपस्थिति पंजिका उपलब्ध नहीं कराई गई। पूछने पर कार्यवाहक प्राचार्य ने बताया कि कार्य बहिष्कार कर रहे हैं, इसलिए उनके हस्ताक्षर नहीं कराए जाएंगे।

## दहेज हत्या में पति गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** शहर में हुमेरा की मौत के मामले में सदर बाजार पुलिस ने दहेज हत्या में पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों को तलाश कर रही है। आरोप था कि ससुराल वाले दहेज में बाइक की मांग कर रहे थे।

लखीमपुर खीरी जिले के गैगलगंज थाना क्षेत्र के कस्बा मैगलगंज निवासी 32 वर्षीय हुमैरा की शादी कई साल पहले साजिद निवासी हद्दफ थाना सदर बाजार के साथ हुई थी। 05 अप्रैल की शाम को हुमैरा का शव कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला था। मृतका के पिता मुख्तार अहमद बेटी की ससुराल गए थे। उनकों शव जमीन पर रखा मिला था। उनका आरोप था कि ससुराल वाले दहेज में बाइक की मांग को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित किया करते थे।

उनका आरोप था कि उसकी बेटी को ससुराल वालों ने मारकर शव को कुंडे से लटका दिया था। पुलिस ने आरोपी पति साजिद, सास मिसकीना, देवर शालू, सारिक, आसिफ, कासिम निवासी हद्दफ थाना सदर बाजार


पुलिस हिरासत में आरोपी पति।

- **हुमैरा की मौत का मामला, दहेज में मांगते थे बाइक**

के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी।

पुलिस ने आरोपी साजिद को फौजी शादी हॉल के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध विनोद कुमार, उप निरीक्षक नितिन कुमार आदि थे।

# सांसद से मिले डाकघर पदाधिकारी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** सांसद अरुण सागर से उनके कार्यालय पर डाकघर के पदाधिकारियों और फरियादियों ने मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। सांसद ने सभी की बात सुनकर समाधान कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने थाने स्तर पर सुनवाई न होने और सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने जैसी समस्याएं भी उठाईं।

आल इंडिया पोस्टल इम्पलाइज यूनियन ग्रुप सी के मंडलीय सचिव राजेश कुमार अपने पदाधिकारियों के साथ पहुंचे और सांसद को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2001 में तत्कालीन डाक अधीक्षक की ओर से संघ के संचालन के लिए एक यूनियन कक्ष आवंटित किया गया था, जिसे वर्तमान डाक अधीक्षक ने


सांसद अरुण सागर को समस्या बताते डाकघर के पदाधिकारी और फरियादी।

- **फरियादियों की समस्याएं सुनीं, समाधान कराने का दिया आश्वासन**
- **यूनियन कक्ष निरस्त करने के फैसले के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन**

निरस्त कर प्रधान डाकघर के अंदर प्रथम तल पर नया कक्ष दे दिया है। यूनियन का कहना है कि यह नया कक्ष उनके कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं है, क्योंकि उनके कार्यक्रम कार्यालय समय से पहले या सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी होते हैं, जो परिसर के अंदर संभव नहीं है।

यूनियन ने पूर्व में आवंटित कक्ष बहाल करने या परिसर से बाहर उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही इस संबंध में जारी आदेश को रुकवाने के लिए पोस्ट मास्टर बरेली और संचार मंत्री, भारत सरकार, नई दिल्ली के समक्ष कार्रवाई कराने की बात कही गई। सांसद अरुण सागर ने सभी को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास जारी रहेगा।

## दंपती को चाकू से किया घायल

**निगोही, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश को लेकर खेत पर महिला और उसके पति को चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया। पुलिस ने घायल दंपति को डाक्टरी परीक्षण कराया।

क्षेत्र के गांव पिपरिया खुशाली निवासी माधुरी पत्नी सुनील ने बताया कि शुक्रवार की रात 11 बजे घर पर अकेले थी। गांव के तीन लोग मकान में घुस आए और गालियां देने लगे। पीड़िता ने बताया कि शनिवार की सुबह खेत पर जा रही थी। आरोपियों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने उसे चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया। इस दौरान उसका पति बचाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसके पति सुनील को भी चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

- **दो दिन से डिप्रेशन में था सूरज**

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** लखीमपुर रोड पर पिपरिया गांव में युवक का शव पेड़ से लटका मिला। गांव वालों की भीड़ लग गयी। परिवार वालों की मौजूदगी में पुलिस ने शव को उतारा। पुलिस लाइन से फोरेंसिक टीम पहुंची और जांच करने के बाद नमूना लिया। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है।

रोजा थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी सूरज(25) शनिवार की रात आठ बजे घर से निकला था। वह रात दस बजे तक घर वापस नहीं लौटा तो परिवार वालों ने गांव में उसकी तलाश की। रविवार सुबह छह बजे गांव वालें खेत पर जा रहे थे तो गांव के बाहर खेत पर एक युवक का शव रस्सी से लटका हुआ देखा। इस दौरान गांव वालों की भीड़ लग गयी। सूचना मिलने पर रामनिवासी मौके


मौके पर लोगों से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

पहुंचे और शव की शिनाख्त सूरज के रूप में की। उन्होंने रोजा थाना पर सूचना दी।

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार लिया। पुलिस लाइन से फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच करके नमूना लिया। पिता ने बताया कि उसके बेटे की गांव में किसी से कोई रंजिश नहीं थी और उनका कोई आरोप नहीं है। मृतक की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी करता था और दो दिन से डिप्रेशन में था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं है।

उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम ने किया स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण, देखे कार्य

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान खेलो इंडिया के खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण में तरण ताल, बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल, इनडोर कबड्डी हाल, सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट, 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, पवेलियन, सेल्फी प्वाइंट और परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह की प्रतिमा का जायजा लिया गया।

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य जल्द पूरा कर खेल विभाग को हस्तांतरित किए जाएं और गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता न किया जाए। बताया गया कि 400 मीटर सिंथेटिक


स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- **करीब 26 करोड़ की लागत से ट्रैक, स्विमिंग पूल और अन्य कार्य जारी**
- **गुणवत्ता से समझौता न करने और कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश**

एथलेटिक ट्रैक और स्विमिंग पूल का निर्माण उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण निगम की ओर से करीब 16 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

वहीं स्टेडियम के नवीनीकरण और नई खेल सुविधाओं जैसे इनडोर कबड्डी हाल, बास्केटबॉल कोर्ट, सीसीटीवी, शौचालय और मुख्य भवन का कार्य उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन की ओर से 10 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इस मौके पर एडीएम राजस्व अरविंद कुमार सिंह, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सुरेंद्र राठौर, निर्माण एजेंसी के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, जूनियर अभियंता, स्टेडियम के प्रशिक्षक और खेलो इंडिया सेंटर हॉकी के खिलाड़ी मौजूद रहे। डीएम ने इस दौरान खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट और खेल सामग्री भी वितरित की।

## छेड़छाड़ के आरोपी का चल रहा उपचार

**तिलहर, अमृत विचार:** नाबालिक बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। शुक्रवार रात नगर क्षेत्र में एक नाबालिक बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला घेरचौआ निवासी प्रेम प्रकाश के खिलाफ परिजनों की ओर से मुकदमा दर्ज किया था।

रात में पुलिस तलाश करती रही, लेकिन आरोपी नहीं मिला। शनिवार सुबह आरोपी अचानक नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचा और अपने साथ मारपीट होने का आरोप लगाते हुए उपचार कराने लगा। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल मौके पर पहुंचे और आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल रेफर कराया गया। रविवार शाम तक आरोपी भर्ती था। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि एक्स-रे में आरोपी के सीने में चोट है।

## गेहूं के खेतों में लगी आग कई बीघा फसल राख


गोपालपुर ठठियुरा में गेहूं की फसल में लगी आग। ● अमृत विचार

**तिलहर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर ठठियुरा गांव में गेहूं के खेतों में अचानक आग लगने से कई बीघा फसल जलकर राख हो गई। रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि आग बिजली के तारों से निकली चिंगारी से लगी। सूचना मिलते ही ग्रामीण कृषि यंत्र लेकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग में किसान ओमप्रकाश शर्मा, वीरा वती और मनोरमा के खेतों की करीब 10 बीघा गेहूं की फसल जल गई, जबकि नाजिर अली के खेत की करीब 20 बीघा नरई भी जलकर राख हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की।

# रेलवे जीएम के निरीक्षण से अधिकारियों की नींद उड़ी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** उत्तर रेलवे के जीएम के निरीक्षण कार्यक्रम को लेकर रेल अधिकारियों की नींद उड़ गई। अधिकारी अपने-अपने कार्य में जुटे हुए है और सफाई आदि व्यवस्था पर जोर दिया जा रहा है। इधर स्टेशन परिसर में पड़ा मलवा को हटाया जा रहा है और दीवार की पुताई कराई जा रही है।

उत्तर रेलवे के जीएम राजेश कुमार पाण्डेय सोमवार दोपहर सवा दो बजे रेलवे स्टेशन पर हो रहे अमृत योजना के तहत निर्माण कार्य स्वचालित सीढ़ियों, फुट ओवरब्रिज, प्लेटफार्म एक, सर्कुलेटिंग एरिया में चल रहे काम का निरीक्षण करेंगे। प्लेटफार्म एक आदि स्थानों पर रंगाई पुताई का कार्य तेजी से चल रहा है। पुराना जीआरपी और पुराना डाकघर को ढहा गया मलबे को हटाया जा रहा



मुख्य गेट पर रंगाई पुताई करते मजदूर। ● अमृत विचार

- **स्टेशन पर तेजी से हो रहा कार्य जीएम आज करेंगे निरीक्षण**

है। रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था पर अधिक जोर दिया जा रहा है। मालगोदाम रोड पर रंगाई और पुताई आदि कार्य चल रहा है। प्लेटफार्म पर शौचालय का कार्य अधूरा पड़ा है। निरीक्षण कार्य में यह देखेंगे कि अमृत योजना के तहत कितना कार्य हो गया है। इधर अधिकारी अपने अभिलेखों को पूरा करने में जुटे हुए है। अधिकारी इस प्रयास में है कि स्टेशन पर जीएम को कोई खामियां न मिले। इधर रेल कर्मचारियों का आरोप है कि विभाग की ओर से सरकारी आवास की बाहर-बाहर पुताई कर दी गयी और मकान के अंदर पुताई नहीं की गयी। इसी प्रकार मालगोदाम रोड पर सेकेंड इंट्री के सामने रेलवे की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। इधर जीएम के निरीक्षण से पहले डीआरएम विनीता श्रीवास्तव स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए थे। अधिकारियों की रात और दिन नींद हराम है।

### नरमू देगी जीएम को ज्ञापन

नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव शिवओम सक्सेना जर्जर रेल आवास, कर्मचारियों की समस्याओं, आवासों की पुताई न कराने, वेतन कार्यालय का कमरा आरपीएफ द्वारा खाली न करने पर आदि मांगों को लेकर रेलवे के जीएम को शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ज्ञापन के समय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेडक्रॉस की संगोष्ठी

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में रविवार को स्थित इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के सचिव व राष्ट्रीय स्वस्थ्य मिशन की आशाओं के प्रशिक्षक डॉ. विजय जौहरी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेड क्रॉस की सोच मुख्य रूप से मातृ मृत्यु दर को कम करने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने और गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है। रेड क्रॉस स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से


संगोष्ठी को संबोधित करते प्रशिक्षक डॉ. विजय जौहरी। ● अमृत विचार

- **सीएमओ कार्यालय परिसर में आयोजन, मातृ मृत्यु दर घटाने पर जोर**
- **हाई-रिस्क गर्भावस्था पहचान कर समय पर इलाज देने की सलाह**

प्रसव के दौरान आपातकालीन रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने, महिलाओं को पोषण, स्वच्छता के प्रति जागरूक करने और हाई-रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान कर समय पर इलाज मुहैया कराने पर जोर देता है। सुरक्षित मातृत्व दिवस पर रेड क्रॉस की मुख्य सोच और कार्य रक्त की उपलब्धता रेड क्रॉस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य प्रसव के समय होने वाले जानलेवा रक्तस्राव को रोकने के लिए रक्तदान को बढ़ावा देना है, जिससे आपातकालीन स्थिति में मां की जान बचाई जा सके।

जागरूकता और शिक्षा रेड क्रॉस स्वयंसेवकों के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच, पोषण, और सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूक करता है।

अन्त में डॉ. विजय जौहरी ने सुरक्षित मातृत्व दिवस पर सुरक्षित मातृत्व प्रसव पर सहयोगी भूमिका के निर्वहन करने की शपथ दिलायी। गोष्ठी में बाल कृष्ण पाण्डेय, ब्रजेश गुप्ता, रवि कुमार, मीनू मिश्रा, अनुज जौहरी, अग्रज जौहरी, अवनीश सक्सेना आदि रेडक्रास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'वैम्सकॉन' में विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

## वरुण अर्जुन विवि में हैंड्स-ऑन मेडिकल स्किल्स कार्यशाला, प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेजों से 50 से अधिक प्रतिभागी पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. जाविन विष्णु गोगोई, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, डॉ. किरन अग्रवाल, डॉ. लता अग्रवाल, डॉ. (कर्नल) रविन्द्र नाथ शुक्ला, डॉ. पंडित एस. पवार। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल के तत्वावधान में रविवार को हैंड्स-ऑन मेडिकल स्किल्स प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वैम्सकॉन 2026 के अंतर्गत आयोजित हुई, जिसका उद्देश्य चिकित्सा छात्रों और युवा चिकित्सा पेशेवरों में व्यावहारिक दक्षता और नैदानिक कौशल को मजबूत करना रहा। कार्यशाला में जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, ऑर्थोपेडिक्स, एनेस्थीसिया और ईएनटी जैसे विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को सिवनी तकनीक, अंतःशिरा कैनुलेशन, एंडोट्रेकियल इंटुबेशन, फ्रैक्चर प्रबंधन, बेसिक लाइफ सपोर्ट और नकसीर प्रबंधन जैसी प्रक्रियाओं का अभ्यास मैनीकिन्स और सिम्युलेटेड पेशेंट्स पर कराया गया।

कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और 100 से अधिक हैंड्स-ऑन सत्रों में प्रशिक्षण

- **100 से अधिक सत्रों में विभिन्न विषयों की महत्वपूर्ण तकनीकों का अभ्यास कराया गया**

प्राप्त किया। प्रतिभागियों ने सत्रों की गुणवत्ता और विशेषज्ञों के मार्गदर्शन की सराहना की।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल के डीन एवं प्रिंसिपल डॉ. कर्नल रवींद्र नाथ शुक्ला और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. पीएस पवार ने भी कार्यशाला की गुणवत्ता की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि एएसएमसी शाहजहांपुर के प्रिंसिपल डॉ. राजेश कुमार और एएसएमसी हरदोई के प्रिंसिपल डॉ. जाविन बिष्णु गोगोई ने इसे चिकित्सा शिक्षा में उपयोगी पहल बताया। आयोजन अध्यक्ष डॉ. संथाना कृष्णन, सह अध्यक्ष डॉ. पूर्णिमा एस. भट, आयोजन सचिव यश मुंजवानी और कोषाध्यक्ष आशीष पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यशाला सफल रही।

जनरल सर्जरी में डॉ. रघुवीर भोसले, डॉ. राहुल ग्रोवर, डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. कनिष्क पटेल, जनरल मेडिसिन में डॉ. कनिका मिश्रा, डॉ. जागृति पाठक, एनेस्थीसिया में डॉ. आरुषि सक्सेना, डॉ. सत्येन वर्मा, डॉ. प्राची, डॉ. स्वाति देसवाल, ऑर्थोपेडिक्स में डॉ. अर्चित सक्सेना, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. अभिषेक सिंह और ईएनटी में डॉ. हिमानी सिंह, डॉ. स्तुति, डॉ. दीप्ति रानी चौहान, डॉ. कृतिका अग्रवाल ने प्रशिक्षण दिया। डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अमित कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी ललित सिंह चौहान और सिद्धांत गंगवार का भी सहयोग रहा।


डॉ. जाविन विष्णु गोगोई का स्वागत करतीं कुलपति डॉ. लता अग्रवाल।


ईएनटी प्रक्रिया पर मार्गदर्शन देतीं डॉ. पूर्णिमा एस भट्ट। • अमृत विचार



प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार का स्वागत करते कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल।

### चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम

विवि के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रो कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल और बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने आयोजन को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया। बरेली के ओंकोसर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने भी इस पहल की सराहना की। कार्यशाला में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम और द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों ने इसे उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण उन्हें वास्तविक रोगी देखभाल के लिए तैयार करता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ाता है।

## सुरों की धार चालीस के पार कार्यक्रम कल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय स्वर दिवस के उपलक्ष्य में नगर की नवसृजित संस्था प्रयास के तत्वावधान में 14 अप्रैल को अटल सभागार में नगर के सीनियर सिटीजन गायक कलाकारों के लिए सुरों की धार चालीस के पार कार्यक्रम होगा। कल्पनाकार संस्कृति कर्मी डॉ शरद राही ने बताया कि कार्यक्रम जिले में प्रथम बार आयोजित हो रहा है। भोर फाउंडेशन लखनऊ की अध्यक्ष स्वाति सिंह का सहयोग रहेगा।

तैयारियों को लेकर हुई बैठक में कोऑर्डिनेटर एवं प्रयास संस्था के अध्यक्ष निर्मल अवस्थी ने कि बाल एवं युवा गायकों के लिए आओ गाएं झूमें का भी आयोजन होगा।

## 368 मरीजों का पंजीकरण, 10 में मिला मोतियाबिंद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा और नेशनल मेडिकोज आर्गेनाईजेशन ब्रज प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत ग्राम करौंदा में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में 368 मरीजों का पंजीकरण कर उनका निशुल्क परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीम को विभाग प्रचारक रवि की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

शिविर में 120 की ब्लड शुगर और करीब 140 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच की गई,


वाहन को हरी झंडी दिखाते विभाग प्रचारक रवि।


शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

- **वरुण अर्जुन विवि, मेडिकल कॉलेज और नेशनल मेडिकोज आर्गेनाईजेशन की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेवा यात्रा**

जबकि 315 मरीजों को नेत्र ड्रॉप दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं। 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया, जिनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में होगा। एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी दिए ग।

स्वास्थ्य टीम और पीआरओ ने परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी देते हुए बताया कि 200 रुपये में बनने वाला यह कार्ड एक वर्ष तक मान्य रहेगा, जिससे ओपीडी पर्चा निशुल्क बनेगा और दवाइयों व जांचों पर 20 प्रतिशत छूट मिलेगी। भर्ती होने पर फाइल निशुल्क बनेगी, सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत और खून पर 10 प्रतिशत छूट भी मिलेगी। शिविर में समाज सेवक विनय द्विवेदी और प्रधान हरिपाल सिंह का विशेष योगदान रहा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चिन्मय पाटिल, सामान्य रोग विभाग के डॉ. निमित सक्सेना, हड्डी रोग विभाग के डॉ. अमन राघव, बाल रोग विभाग के डॉ. रिया माहेश्वरी, महिला एवं प्रसूति विभाग की डॉ. स्वेता तिवारी, मेडिकल पीआरओ विपिन शर्मा और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

## ओसीएफ कर्मियों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर अमृत विचारः** भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के आह्वान पर आर्डनेंस फैक्टरी मजदूर संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने दस सूत्रीय मांगों को लेकर निर्माणी द्वार पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मी झंडे लेकर एकत्र हुए और मांगों को उठाया। महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की गई।

कर्मचारियों ने निगमीकरण को समाप्त करने और पुरानी पेंशन व्यवस्था को फिर से लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने साफ कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाते हुए आगे भी संघर्ष जारी रखने की बात कही। अध्यक्ष दिनेश सिंह, महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक चौरसिया, महामंत्री अनुज सक्सेना, अमर सक्सेना, उपाध्यक्ष बलवीर सिंह, श्री निवास, अमूल सक्सेना, शिवकुमार शुक्ला, शिव चंद्रा, सुनील सिंह, अवनीश सिंह और शशिकांत समेत कई मौजूद रहे।

## धरपकड़ अभियान में आठ वारंटी गिरफ्तार

**कलान, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी धरपकड़ अभियान के तहत कलान थाना पुलिस ने शनिवार को आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा के नेतृत्व में हल्का इंचार्ज अजय पाल सिंह, उपनिरीक्षक मनोज उपाध्याय, रामकुमार, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों की टीम ने विभिन्न गांवों में दबिश देकर कार्रवाई की। गिरफ्तार वारंटियों को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## न्यूज डायरी

### नि:शुल्क बाल रोग चिकित्सा शिविर में 117 मरीजों का परीक्षण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा और नेशनल मेडिकोज आर्गेनाईजेशन ब्रज प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत नगर पालिका टाउन हॉल तिलहर में रविवार को नि:शुल्क बाल रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कुल 117 मरीजों का पंजीकरण किया गया। स्वास्थ्य टीम को विभाग प्रचारक रवि की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शिविर में करीब 45 का ब्लड प्रेशर और 25 मरीजों की ब्लड शुगर जांच की गई तथा सभी को सामान्य दवाइयां और चिकित्सकीय परामर्श निशुल्क दिया गया। मरीजों को जांचों, सीटी स्कैन और एमआरआई पर छूट के कूपन भी वितरित किए गए। साथ ही रोहिलखंड अस्पताल आने पर सीबीसी, केएफटी, एलएफटी और ब्लड शुगर की जांच निशुल्क करने की सुविधा की जानकारी दी गई। बताया कि अस्पताल में बच्चों के लिए एनआईसीयू और पीआईसीयू की 24 घंटे सुविधा उपलब्ध है। शिविर में बाल रोग विभाग की डॉ. खुशबू सिंह की टीम, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के पीआरओ रईस मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान संगठन की प्रदेश स्तरीय बैठक 22 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि पंचायत चुनाव को लेकर 22 अप्रैल दिन बुधवार को लखनऊ के डिप्लोमा इंजीनियरिंग संघ सभागार में प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक होगी। इसमें प्रदेश भर के प्रधान पदाधिकारी एकत्र होकर आगे की रणनीति तय करेंगे। बैठक में यह भी चर्चा होगी कि यदि चुनाव समय से नहीं होते हैं तो मौजूदा प्रधानों को प्रशासक बनाया जाए और उन्हें विकास कार्य करने दिया जाए, साथ ही 2026-27 का जीपीडीपी बनाकर फीड कराने और विकास कार्य सुचारू रूप से जारी रखने पर जोर रहेगा। बैठक में मनरेगा योजना के तहत मजदूरों की मजदूरी और सामग्री की बकाया धनराशि जल्द उपलब्ध कराने, प्रधानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने तथा विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों की निष्पक्ष जांच कर गलत शिकायत करने वालों पर कार्रवाई की मांग भी उठाई जाएगी। अनिल गुप्ता ने जिला की सभी 15 ब्लॉकों के अध्यक्ष और महामंत्री से लखनऊ पहुंचने की अपील की है।



### हड्डी रोग शिविर में 152 का परीक्षण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा और नेशनल मेडिकोज आर्गेनाईजेशन ब्रज प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेवा यात्रा के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य केंद्र लालपुर पर रविवार को हड्डी रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 152 मरीजों का पंजीकरण कर निशुल्क परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य टीम को विभाग प्रचारक रवि की ओर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शिविर में 89 मरीजों की ब्लड प्रेशर और 35 मरीजों की ब्लड शुगर जांच की गई तथा 140 मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। मरीजों को जांच, सीटी स्कैन और एमआरआई पर छूट के कूपन भी दिए गए। साथ ही गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, सुन्नपन, गर्दन व रीढ़ दर्द, हड्डी संक्रमण और टीबी सहित विभिन्न बीमारियों के इलाज की सुविधाओं की जानकारी दी गई। अस्पताल में घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण, टूटी हड्डियों के प्लास्टर और ऑपरेशन, आईसीयू सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। परिवार स्वास्थ्य कार्ड फाइल निशुल्क बनेगी। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षित स्वसनी की टीम, पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कॉलेज के मेडिकल पीआरओ सतीशचंद्र मौजूद रहे।



### वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने राहुल वर्मा के निधन पर जताया शोक

**कलान, अमृत विचार :** संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने ब्लॉक प्रमुख रुचि वर्मा के पति और पूर्व प्रधान गोपाल वर्मा के पुत्र राहुल वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त कर परिजनों को सांत्वना दी। राहुल वर्मा का 24 मार्च की रात ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया था। रविवार 12 अप्रैल को शाम 4 बजकर 20 मिनट पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष के सी मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री एवं डीसीबी चेयरमैन रमाकांत मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव, नगर पंचायत चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख मिर्जापुर प्रियांशु रघुवंशी, विनय शर्मा, विजय भैया, भाजपा नेता वीरभान सिंह, अनिल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अल्लाहगंज विकास कश्यप, रामचंद्र गुप्ता, संजीव गुप्ता, अजय गुप्ता, अपूर्व ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





















## न्यूज ब्रीफ

### 14 अप्रैल को बंद रहेंगी शराब-भांग की दुकानें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिले की सभी देशी शराब, विदेशी मदिरा और बीयर की थोक व फुटकर दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी। इसके साथ ही देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप, भांग की दुकानें पूरे दिन बंद रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था अनुज्ञापनों में निर्धारित शर्तों और प्रावधानों के तहत लागू की जा रही है। इस बंदी के दौरान किसी भी अनुज्ञापी को किसी प्रकार की छूट या प्रतिफल नहीं दिया जाएगा और सभी को निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### पिता ने बेटे को लाठी-डंडों से पीटा, दी तहरीर

**कलान, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम हेतमपुर अंतर्गत आर्य नगर निवासी मुकेश कुशवाहा ने आरोप लगाया कि 10 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह घर के पास नाली के किनारे बैठा था, तभी उसके पिता ने पीछे से लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट आई। उसने बताया कि गांव के लोगों ने समझाने पर पिता इलाज कराने को तैयार हो गए थे, लेकिन दो दिन बीतने के बाद भी इलाज नहीं कराया गया। इस पर उसने 12 अप्रैल को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी शिव दीन वर्मा ने बताया कि मामला पिता-पुत्र का है, दोनों के बीच समझौते की कोशिश चल रही है, यदि समझौता नहीं होता है तो कार्रवाई की जाएगी।

### पॉक्सो एक्ट में आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना की महिला उप निरीक्षक साक्षी चौधरी ने बताया कि 14 फरवरी को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि नाबालिग भांजी को शादी का झांसा देकर गर्भपात कराया व जबरदस्ती संबंध बनाए। एसपी के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। विवेचना में मेघा चौधरी निवासी एमनजई जलाल नगर थाना सदर बाजार का नाम प्रकाश में आया था। मुकदमे में पॉक्सो धारा की वृद्धि की गयी थी। पुलिस ने आरोपी मेघा चौधरी को घर के बाहर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# पुष्प वर्षा के बीच शबद कीर्तन, संगत हुई निहाल

## खालसा साजना दिवस पर श्रद्धा के साथ निकाला गया नगर कीर्तन, गतका पार्टी ने किया हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** खालसा साजना दिवस (बैसाखी) को समर्पित विशाल नगर कीर्तन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कचहरी रोड के तत्वावधान में चार खंबा पंजाब सर्विस स्टेशन, जसवीर पेट्रोल पंप से साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया एवं पंच प्यारों की अगुवाई में श्रद्धा के साथ निकाला गया। चार साहिबजादा अजीत सिंह गतका ग्रुप पानीपत हरियाणा से से विशेष तौर से आई गतका पार्टी के सिंघों ने विभिन्न प्रकार के हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन किया। बैंड शबद कीर्तन की मनमोहक धुन से संगत को निहाल करते रहे।



नगर कीर्तन में फूलों से सुसज्जित रथ की पालकी में विराजमान श्री गुरु महाराज।



खालसा साजना दिवस पर नगर कीर्तन में शामिल पंज प्यारे व अन्य।

श्री गुरु नानक कन्या पाठशाला, खालसा शिशु शिक्षा सदन के बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में अपने करतब करते हुए चल रहे थे। माता साहिब कौर ग्रुप के बच्चे शब्दों की धुन पर मनमोहक ढंग से करतब करते हुए चल रहे थे। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के हजूरी रागी भाई गुर ध्यान सिंह निमाना, गुरुद्वारा कुटिया साहिब के हजूरी रागी भाई कुलविंदर सिंह ट्रालियों पर बैठकर कीर्तन करते हुए चल रहे थे। अरविंदर सिंह, इशू अरोरा, प्रभजोत सिंह की अगुवाई में बच्चे एवं महिलाएं गुरु महाराज की पालकी के आगे झाड़ू एवं पानी से सड़कों की सफाई करते हुए एवं पुष्प वर्षा करते हुए चल रहे थे।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब के आगे अमृतसर से आए सरदार परमजीत सिंह नरसिम्हा बजाते हुए गुरु साहिब के आगमन की सूचना दे रहे थे। इसके पीछे श्री गुरु रामदास गुरमत संगीत विद्यालय के बच्चे पांच प्यारों के रूप में तथा निशान साहिब एवं कृपानों के साथ चल रहे थे। फूलों से सुसज्जित रथ की पालकी में श्री गुरु महाराज विराजमान थे। इसके पीछे बदायूं से आया जत्था सिख संगत के साथ शबद कीर्तन करते हुए चल रहा था। रास्ते में जगह-जगह पर नगर कीर्तन शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों पर चाय नाश्ते के स्टॉल लगे थे। जहां पर संगत की सेवा की गई।

नगर कीर्तन चार खंभा, केरूगंज, चौक, मालखाना मोड़, घंटाघर, बहादुरगंज सदर बाजार, गोविंद गंज होता हुआ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कचहरी रोड पर समाप्त हुआ। इससे पूर्व नगर कीर्तन में श्रीगुरु गोविंद सिंह सेवा समिति के जवाहर सिंह, निरंकार, गोल्डी, बिट्टू बजाज आदि बोले सो निहाल की जयकारों से पूरे बाजार को गुंजायमान करते हुए श्रद्धा से पालकी साहिब मे विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से नगर कीर्तन के प्रारंभ होने वाले स्थान पंजाब सर्विस स्टेशन पहुंचे।

नगर कीर्तन के संचालन में राजू बग्गा, जगजीत सिंह, जागीर सिंह, गोल्डी का योगदान रहा। संस्था अध्यक्ष कमलेश कौर माटा, महासचिव हरभजन सिंह, दुआ, सीनियर मीत प्रधान जुझार सिंह मोंगा, धार्मिक सचिव जगजीत सिंह, जसपाल सिंह, राम सिंह गांधी, हरमीत सिंह छाबड़ा, गुरमीत सिंह गांधी, जसवीर सिंह होड़ा, मनजीत सिंह मोगा, गुरमीत सिंह बग्गा, गुरजोत सिंह गांधी, हरजीत कौर, शरणजीत कौर होरा, मनमोहन कौर, नवनीत कौर, राजेंद्र कौर, रानी ढींगरा, कीरत माटा, गुरबचन सिंह माटा, मनमीत सिंह, राजेंद्र सिंह मिंटू, जसबीर सिंह, मंजीत सिंह, कुलदीप सिंह दुआ, हरमीत सिंह, कुलदीप सिंह, दर्शन सिंह आदि ने नगर कीर्तन में सेवा की।

### सेवादार व पांच प्यारे सम्मानित

नगर कीर्तन की समाप्ति पर कमलेश कौर माटा, जुझार सिंह मोगा, हरभजन सिंह दुआ, जगजीत सिंह ने सेवादारों को एवं पांच प्यारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। नगर कीर्तन में सतवंत कौर, कीरत माटा, परमजीत सिंह बग्गा, राजेंद्र सिंह बजाज, जसबीर सिंह, कुलदीप सिंह, हरमीत सिंह छाबड़ा, जितेंद्र सिंह राजा, गुरजीत सिंह बग्गा, राजू, मनजीत सिंह ढींगरा आदि का सहयोग रहा।

## आरोप: प्रिंट रेट पर बेची जा रहीं किताबें

**शाहजहांपुर अमृत विचार :** एक स्कूल के खिलाफ अभिभावकों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों की किताबें प्रिंट रेट पर ही जबरन बेची जा रही हैं, जबकि प्रशासन की ओर से रियायती दर पर किताबें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। शिकायत में कहा गया है कि अधिकांश मामलों में अभिभावकों को किताबों का पक्का बिल भी नहीं दिया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं और अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो रहा है। अभिभावकों के अनुसार इस व्यवस्था के चलते उन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

अभिभावकों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पूरे मामले की तत्काल जांच कर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाए। मांग की गई कि किताबों का पक्का बिल दिया जाए और निर्धारित छूट पर ही पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं। शिकायत करने वालों में विनय कुमार मिश्रा, बिरजू मिश्रा, संजय चतुर्वेदी, निरभय कुमार, उमाकान्त मिश्रा और अंकुर शर्मा समेत अन्य अभिभावक शामिल हैं।

# मदरसा अरबिया अनवारुल में लगा हज कैंप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मस्जिद अंटा चौराहा स्थित मदरसा अरबिया अनवारुल उलूम में रविवार को हज व उमरा ट्रेनिंग कैंप लगाया गया, जिसमें जिले से हज और उमरा पर जाने वालों को इस्लामी विद्वानों ने हज और उमरा करने का तरीका बताया।



यात्रियों को हज के तौर-तरीके बताते मुफ्ती ओसामा अजीम। ● अमृत विचार

● इस्लामी विद्वानों ने बताया हज और उमरा करने का तरीका

मदरसे की देखरेख में आयोजित कैंप में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के हज यात्रियों ने प्रतिभाग किया। हज और उमरा के फर्ज और अन्य नियमों को सिखाया गया। कैंप में दारुल इफ्ता के अध्यक्ष मुफ्ती ओसामा अज़ीम ने हज की शुरुआत, अल्लाह के घर की तामीर, दो पवित्र मस्जिदों के अहकाम आदि पर विस्तार से रोशनी डाली। उन्होंने कुरआन और सुन्नत की रोशनी में हज के बारे में इस्लाम की हिदायतों को समझाया। मुफ्ती अनस कासमी ने हज के फर्ज पर रोशनी डाली। कैंप में प्रोफ़ेसर सैयद मुहम्मद नोमान ने हज के सफ़र की ज़रूरी बातें बताईं। मदरसे के मोहतमिम मौलाना अज़ीमुद्दीन कासमी ने अध्यक्षीय संबोधन में कैंप की अहमियत और इसकी जरूरत के बारे में बताया। इस दौरान नात व मनकबत पेश की गई। मौलाना मोहम्मद इमरान कासमी ने हज प्रशिक्षण के बारे में बताया। अंत में मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की गई। इस अवसर पर मौलाना कारी इमरान, मुफ्ती अफजल, डॉ. शाहिद अख्तर, मशहूद अहमद खां आफाक, हाजी शफीक आदि मौजूद रहे।

# फार्मा एग्जीक्यूटिव की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश फार्मा एग्जीक्यूटिव ऑर्गेनाइजेशन की वार्षिक बैठक में संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया। 53 नए सदस्य संगठन से जोड़े गए।




बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव। ● अमृत विचार

● पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने दीप जलाकर किया आरंभ

रविवार को लोधीपुर स्थित एक होटल में मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. राकेश मेहरोत्रा और वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. विजय पाठक ने पदाधिकारियों को संगठन संचालन के गुर बताए।

मुख्य अतिथि अजय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि पदाधिकारियों का दायित्व है कि वे सभी सदस्यों की समस्याओं को समान रूप से सुनें और उनका समाधान कराएं। डॉ. राकेश मेहरोत्रा ने जोर देते हुए कहा कि संगठन में 'मैं' नहीं बल्कि 'आप' की भावना से कार्य करना चाहिए। डॉ. विजय पाठक ने कहा कि संगठन के पदाधिकारी कंपनी और कर्मचारियों के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

संगठन के अध्यक्ष अमित पांडे ने कहा कि प्रदेश स्तर पर फार्मा मैनेजरों का यह पहला रजिस्टर्ड संगठन है, जिसका उद्देश्य इसे प्रदेशव्यापी स्वरूप देना है।

उन्होंने बताया कि संगठन का पंजीकरण उप श्रमायुक्त बरेली एवं श्रम आयुक्त कानपुर के माध्यम से हुआ है और वर्षभर में 10 कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संगठन का लक्ष्य सदस्यों के लिए सामूहिक दुर्घटना बीमा, आकस्मिक परिस्थितियों में आर्थिक सहयोग, अन्य जनपदों में विस्तार, रोजगार संबंधी विवादों का निस्तारण, पारिवारिक मिलन समारोह और आईएमए के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करना है। महामंत्री नवनीत मिश्रा ने कहा कि यह संगठन व्हाट्सएप ग्रुप से कहीं आगे एक मजबूत और पंजीकृत मंच है। उन्होंने बताया कि अब तक 53 नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की है। कोषाध्यक्ष गौरव शुक्ला ने वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। वरिष्ठ सदस्य संजय श्रीवास्तव और मीडिया प्रभारी सतेंद्र मिश्रा ने भी संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

## न्यूज डायरी



### मानव जीवन कल्याण समिति ने किया भूमि पूजन व हवन

**तिलहर, अमृत विचार :** मानव जीवन कल्याण समिति के नए कार्यालय के भूमि पूजन के अवसर पर रविवार को विधि-विधान से हवन-पूजन और कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धा और आस्था के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। हवन-पूजन के बाद कन्या पूजन किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार उर्फ पप्पू शर्मा ने कन्याओं के चरण धोकर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में प्रबंधक अरविंद गुप्ता, महिला प्रकोष्ठ चंद्रकांता त्रिवेदी, आसाराम साहू, राजेंद्र सिंह यादव, बाबूराम हिंदू, अनुज मिश्रा, दासीराम आर्य, राजेश शर्मा, गजेंद्र, मीना शर्मा, माया देवी, गायत्री श्रीवास्तव, मीनू, संगीता, मोनिका सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



### ग्राम चौपालों में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन, योजनाओं का प्रचार

**कुर्रिया कला, अमृत विचार :** क्षेत्र में ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में अमौरा, कौड़ा, पुरैना, भेष्टा और पड़ेचा बूथों पर भाजपा ने सक्रियता दिखाते हुए न सिर्फ संगठन की मजबूती का प्रदर्शन किया, बल्कि पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया। इस दौरान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से ग्रामीणों के बीच रखा गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में चलाई जा रही योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया गया। कौड़ा बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोबरन यादव ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन और मजबूत करने का आह्वान किया। ग्राम चौपालों के जरिए पार्टी ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी हुई है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा, देवेंद्र सिंह, गंगा शंकर बाजपेई, धर्मेंद्र कुमार, दीपक अग्निहोत्री, अनमोल पाठक समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### गांव-गांव पहुंची सरकार की गूंज

**पुवायां, अमृत विचार :** गांव चलो अभियान के अंतर्गत विकासखंड खुटार के ग्राम सौंफरी स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में एक भव्य बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुवायां विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक चेतराम शामिल हुए। विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि मजन को इनका लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मण गुप्ता, अनुपम शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, सुरेश सिंह भदौरिया, राजपाल गुप्ता, अशोक वर्मा, देवेश गुप्ता, रोशनी वाल्मीकि, दिलबाग सिंह, राम प्रकाश मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, राहुल गुप्ता एवं थाना अध्यक्ष श्यामवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### 19 अप्रैल को निकलेगी परशुराम शोभा यात्रा, शामिल होने का आह्वान

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** कस्बा स्थित एक शादी हॉल में ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित कर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती 19 अप्रैल अक्षय तृतीया पर निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया। रविवार को हुई बैठक में पूर्व शिक्षक विधायक संजय कुमार मिश्रा, विकलांग कल्याण के प्रदेश महामंत्री हरिशरण बाजपेई, डॉ. विजय पाठक, कैंटोमेंट अध्यक्ष अवधेश दीक्षित, गोपाल शर्मा, कांट ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला और आलोक मिश्रा ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों को संबोधित किया। बताया गया कि 19 अप्रैल को सुबह 9 :30 बजे हनुमत धाम स्थित भगवान परशुराम मंदिर से शोभा यात्रा शुरू होकर चौक होते हुए खिरनी बाग रामलीला मैदान में समाप्त होगी। हरिशरण बाजपेई ने बताया कि इस वर्ष भी 11 रथ, पटका, 101 फरसा, ढोल-नगाड़े और झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने ब्राह्मण समाज की एकजुटता पर जोर दिया और अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की।



न्यूज ब्रीफ

## भूमि कब्जा मुक्त नहीं करा सका तहसील प्रशासन

बदायूं, **अमृत विचार** : तहसील दातागंज क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर में लाखों रुपए की वेश कीमती सरकारी भूमि पर कुछ लोगों का अवैध कब्जा है जिसे मुक्त कराने के आदेश डीएम के निर्देशों पर एडीएम प्रशासन तहसील प्रशासन को दे चुके हैं। लेकिन अब तक तहसील प्रशासन भूमि को कब्जा मुक्त नहीं कराया है। शिकायतकर्ता ने एक बार फिर डीएम को शिकायती पत्र देकर भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता अवनीश कुमार का कहना है कि ग्राम हजरतपुर, परगना सलेमपुर स्थित गाटा संख्या 363, रकबा 0 .253 हेक्टेयर भूमि का आवंटन वर्ष 2009 में नरेश पुत्र साधू के नाम किया गया था। आरोप है कि भूमाफियाओं ने तहसील कर्मियों की मिलीभगत से इस भूमि पर कब्जा कर निर्माण कार्य कर लिया। सरकारी भूमि पर कब्जा होने को लेकर उसके द्वारा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) न्यायालय में वाद संख्या 2050/2021 दाखिल किया गया था। न्यायालय ने अपने आदेश में उक्त भूमि को मूल श्रेणी में दर्ज करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अब तक कब्जा नहीं हटाया गया है।

## मिठामई व नागपुर में हुआ ग्राम सभा का आयोजन

**बिसौली , अमृत विचार** : ब्लॉक क्षेत्र के गांव मिठामई और नागपुर में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा पदाधिकारियों ने शासन की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। पार्टी के महामंत्री शैलेश शर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य की सरकार सभी को साथ ले कर चल रही है। हमें भी पार्टी की नीतियों का अनुसरण करना चाहिए। इस दौरान सभा में उपस्थित ग्रामीणों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिवम शंखधार, विपिन शर्मा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## विनाश के कारण बनते हैं काम और लोभ

**बिल्सी, अमृत विचार** : मेरे राम कथा आयोजन समिति रिसौली के तत्वाधान में सेवा और संस्कार को समर्पित आठवें दिवस के राम कथा महोत्सव में राजा दशरथ का वर्णन किया गया। कैकई द्वारा तीन वर मांगने के बाद राम को वनवास जाना पड़ा। कथा वाचक ने कहा कि देवताओं के कहने पर मां सरस्वती ने मंथरा की बुद्धि बिगाड़ दी थी।

# वर्षों की मुराद होगी पूरी, तय हो सकेगा दिल्ली तक का सीधा सफर

### दिल्ली के लिए शुरू की गई सीधी रेल सेवा, आज रेलवे स्टेशन से होगा संचालन, रेलवे स्टेशन को सजाया, अधिकारियों ने निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : क्षेत्रीय जनता की मांग व सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय की ओर से14315, 114316 बरेली-नई दिल्ली-बरेली इंटरसिटी एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार करते हुए कासगंज तक शीघ्र चलाये जाने की स्वीकृति दे दी गई है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा सोमवार को बदायूं रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रेलवे स्टेशन पर सभी तैयारियां कर ली गई हें।

बदायूं से दिल्ली को ट्रेन चलाने की मांग दशकों पुरानी थी। जनपद के लोगों ने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों को कई बार पत्र लिखे। धरना-प्रदर्शन किए। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने स्तर से तमाम प्रयास किए लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन पिछले एक साल से जनप्रतिनिधियों ने भी जनता की मांग पर रेल मंत्री को पत्र लिखने शुरू कर दिए। उनसे मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया जिसके बाद पिछले माह रेल मंत्री ने बरेली से चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन को कासगंज से बदायूं होते हुए दिल्ली को चलाने की स्वीकृति दी। इसके बाद दशकों पुरानी मांग पूरी होती नजर आई।

इज्जतनगर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने रविवार को अवगत कराया कि 13 अप्रैल दोपहर 11 बजे बदायूं रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेल मंत्री बदायूं स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में विशेष गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर बदायूं से नई दिल्ली के लिए रवाना करेंगे।

इस कार्यक्रम मे सांसद आदित्य यादव, विधायक सदर महेश चंद्र गुप्ता, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक आदि उपस्थित रहेंगे। साथ ही, अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, वरिष्ठ रेल अधिकारी सहित अनेक अन्य अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।



भव्य नजर आ रहा रेलवे स्टेशन। • अमृत विचार

### बदायूं से दिल्ली को ट्रेन शुरू होने से बढ़ेगा व्यापार

**बदायूं, अमृत विचार** : बदायूं से दिल्ली तक शुरू हो रही ट्रेन को लेकर जिले के लोगों में बेहद खुशी है। ट्रेन शुरू होने से व्यापार को पंख लगेंगे और कम किराए में दिल्ली तक आना जाना होगा। 13 अप्रैल से बदायूं से दिल्ली को ट्रेन शुरू हो रही है। उक्त ट्रेन के संचालन से पहले लोगों में जोश है। रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि बदायूं के हजारों लोग दिल्ली में काम करते हैं। हर दिन सैकड़ों लोग आते जाते हैं जो कल रोडवेज से ही आते-जाते हैं रोडवेज से किराया और समय अधिक लगता है जिससे कामकाजी लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। लेकिन ट्रेन शुरू होने से पैसे की बचत होगी। व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। लोग दिल्ली से सामान लाकर यहां बचेंगे जिससे उनका जीवन स्तर सुधरेगा।

### इन समय पर चलेगी रेल

05303 बदायूं-नई दिल्ली विशेष गाड़ी 13 अप्रैल को बदायूँ से दोपहर 12 बजे प्रस्थान कर बरेली जं. से 13 .15 बजे, भिटौरा से 13 .37 बजे, नगरिया सादात से 13 .51 बजे, रामपुर जं. से 14 .18 बजे, मुरादाबाद से 14 .50 बजे, अमरोहा से 15 .19 बजे, गजरौला से 15 .40 बजे, गढ़मुक्तेश्वर से 17 .2 बजे, हापुड़ जं. से 17 .35 बजे, पिलखुआ से 17 .47 बजे, गाजियाबाद से 18 .42 बजे, साहिबाबाद से 18 .54 बजे, आनंद विहार से 19 .6 बजे, तिलक ब्रिज से 19 .15 बजे, शिवाजी ब्रिज से 19 .23 बजे छूटकर नई दिल्ली 20 . बजे पहुंचेगी। विशेष गाड़ी में एसएलआरडी का 2, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4, आरक्षित द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 7 एवं वातानुकूलित कुर्सी यान का 1 कोच सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे।

### पहले दिन बदायूं से दिल्ली जाएगी इंटरसिटी 16 से कासगंज से चलेगी ट्रेन

रेलवे प्रशासन के अनुसार 13 अप्रैल से शुरू हो रही इंटरसिटी ट्रेन सोमवार को दोपहर 12 बजे बदायूं से चलकर शाम आठ बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन को विधिवत 16 अप्रैल से कासगंज से चलाया जाएगा जो कासगंज से बदायूं बरेली होते हुए दिल्ली तक जाएगी। रेलवे सूत्रों के अनुसार 13 से 15 अप्रैल तक ट्रेन बदायूं से दिल्ली को मिलेगी उसके बाद कासगंज से संचालित किया जाएगा।


बदायूं से दिल्ली तक ट्रेन शुरू होने से लोगों को भारी लाभ होगा। आने जाने में सुविधा होगी। यहां से कम समय में दिल्ली पहुंच जाएंगे। ट्रेन से जिले के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।
**कुंवरपाल-सैजनी**


दिल्ली जाने को रोडवेज का ही सहारा था। अब ट्रेन शुरू होने पैसे की बचत होगी। आराम से यात्रा करने का मौका मिलेगा। ट्रेन से जनपद के लोगों को बेहद लाभ मिलेगा।
**मनोज कुमार-कादरचौक**


ट्रेन सेवा शुरू होने से जिले का व्यापार बढ़ेगा। दिल्ली से माल खरीद कर यहां पर बेचा जाएगा जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा। अब जनपद को दिल्ली जाने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।
**शरदा-ईकरी**


कासगंज से दिल्ली को ट्रेन शुरू होने से दोनों जनपदों को लाभ मिलेगा। ट्रेन सेवा की मांग कई सालों से की जा रही थी। अब यह सपना पूरा होता दिख रहा है।
**राजीव-मल्लापुर**

# गर्मी में सूख रहे हलक, नहीं मिल रहा पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : गर्मी में लोगों का हलक सूखने लगा है। गला तर करने को दूर-दूर तक पानी नहीं है। जगह-जगह लगे इंडिया मार्का हैंडपंप सालों से खराब पड़े हैं जिससे पानी खरीद कर काम चलाना पड़ रहा है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते लोगों में आक्रोश है।

गर्मी में पानी ही जीवन है। अब तेज गर्मी की तपिश से लोग झुलसने लगे हैं लेकिन प्यास बुझाने को पर्याप्त साधन नहीं बनाए गए हैं। काफी दूर-दूर तक पानी का साधन नहीं है। शहर के बीचो-बीच रोडवेज बस स्टैंड है। यहीं पर प्राइवेट बस स्टेंड है। यहां पर चार हैंडपंप लगे हैं जो कई सालों से खराब पड़े हैं। प्राइवेट बस स्टेंड पर हर समय सैकड़ों लोग आते-जाते हैं। जिले के हर कस्बे को यहां से बस मिलती है इसलिए यहां पर दुकानदारों की संख्या भी अधिक है। अब गर्मी का मौसम शुरू होते ही बाहर से आने वाले यात्री पेयजल की किल्लत से परेशान हो रहे हैं। प्राइवेट बस स्टेंड पर पानी का कोई साधन नहीं है। इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े होने से स्थानीय दुकानदार काफी दूर से पानी लेकर आते हैं। बस यात्रियों को पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। इसी तरह रोडवेज बस स्टैंड पर पानी की किल्लत हर समय रहती है। बस चालक परिचालक बोतल खरीद कर पीते हैं जबकि यात्रियों को इधर-उधर भटकना पड़ता है।

रोडवेज के सामने दुकानदारों का कहना है कि गर्मी में यहां पर पानी की बड़ी समस्या रहती है।


रोडवेज पर खराब पड़ा हैंडपंप।


प्राइवेट बस स्टैंड पर खराब हैंडपंप।

### रेलवे स्टेशन के बाहर भी नहीं है पानी

रेलवे स्टेशन के बाहर भी पानी की दिक्कत है। रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर कहीं पर भी प्याऊ नहीं है। न ही हैंडपंप लगा है। इस क्षेत्र में एक हैंडपंप है जो काफी समय से खराब है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका को पत्र लिख कर हैंडपंप का रिबोर कराने की मांग की लेकिन कुछ नहीं हुआ जिससे गर्मी के दिनों में पानी की समस्या से लोग जूझते रहते हैं।

# महीने बाद पता चला निलंबन, पूछने पर किया बहाल

- जानकारी पर स्वयं निलंबन पत्र लेने बीआरसी पहुंचे शिक्षक, 122 दिन बाद मिला था आरोप पत्र
- प्रशिक्षण को लखनऊ गये हुए थे शिक्षक, अनुपस्थिति में शिक्षा अधिकारी ने किया था निरीक्षण
- कई गंभीर आरोप लगाते हुए प्रधानाध्यापक को किया गया था निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में निलंबन-बहाली का खेल चल रहा है। इसी खेल का शिकार उच्च प्राथमिक स्कूल के एक शिक्षक हो गये। शिक्षक के लखनऊ में प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान स्कूल का निरीक्षण किया जिसमें तमाम अनियमितताएं दर्शाते पहले उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया, जिसका समय पर जवाब दिए जाने के बाद भी उन्हें निलंबित कर दिया गया। निलंबन पत्र भी उन्हें एक माह बाद मिला जिसे वह स्वयं लेकर आये।

इतना ही नहीं, करीब 122 दिन बाद उन्हें आरोप पत्र दिया गया। इस पर शिक्षक ने एक व्हाट्सएप ग्रुप पर सवाल उठाते हुए अपनी पीड़ा को व्यक्त कर दी। अब शिक्षक द्वारा सवाल पूछने के बाद प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए बहाल कर दिया गया है। इस प्रकरण से समझा जा सकता है कि किस तरह शिक्षकों को निशाना बनाया जा रहा है।

इस्लामनगर ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक स्कूल जाफरपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक जैन बताया कि बीएसए के आदेश पर वह पिछले साल 2025 सितंबर माह में लखनऊ प्रशिक्षण के लिए गये हुए थे। वहां से लौटने पर पता चला कि बीएसए के द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया। करीब दस दिन बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बीएसए के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिसका उन्होंने समय पर जवाब दे दिया। इसके एक माह बाद उन्हें पता चला कि उन्हें कई गंभीर आरोपों में निलंबित कर दिया है। 16 फरवरी 2026 तक उनहें निलंबन का आदेश प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद वह स्वयं ही निलंबन पत्र बीआरसी से लेकर आये। शिक्षक को निलंबित करने के बाद आरोपों की जांच करने के लिए बीएसए ने बिसौली बीईओ को आदेश कर दिए। जांच के बाद शिक्षक को आरोप पत्र दिया जाना था लेकिन 122 दिन तक उन्हें आरोप पत्र नहीं मिला और न ही शिक्षक को बहाल किया गया। इसके बाद शिक्षक द्वारा शिक्षकों के व्हाट्सएप ग्रुप पर किए गए निरीक्षण को लेकर सवाल किए। साथ ही, बीएसए से निरीक्षण के समय मिली अनियमितताओं को लेकर साक्ष्य मांगे। शिक्षक के सवाल उठाने पर तत्परता दिखाते हुए शिक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए 9 अप्रैल को बहाल कर दिया। शिक्षक का आरोप है कि जो अनियमितताएं स्कूल में दर्शाई गई थी, उन्हीं आरोपों को सही मानते हुए बहाल किया गया है जबकि उनके द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण को दरकिनार कर दिया। शिक्षक का आरोप है कि यह कार्रवाई शिक्षा अधिकारी के द्वारा राजनीति से प्रेरित होकर की गई है जबकि नियुक्ति के 27 साल बाद आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस प्रकरण ने किस तरह बेसिक शिक्षा विभाग में चल रहे शिक्षकों के निलंबन-बहाली के खेल को उजागर किया है। गलती न होने पर भी शिक्षक को कई गंभीर आरोप में सजा भुगतनी पड़ी है।

> शिक्षक विवेक जैन को बहाल कर दिया है। स्कूल में निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिली थीं। स्कूल का प्रभारी होने के नाते उनकी जिम्मेदारी बनती है, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई थी।
> **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# द्विवार्षिक कार्यकारिणी गठित अश्विनी माहेश्वरी बने जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : भारतीय डाक कर्मचारी एसोसिएशन का दो वर्षीय अधिवेशन प्रधान डाकघर में आयोजित किया गया जिसमें उझानी के पोस्टमास्टर अश्विनी माहेश्वरी को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुना गया। सभी ने फूल-मालाएं पहनाकर नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया।

रविवार को प्रधान डाकघर में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डाक सहायक किशन पाल की अध्यक्षता व राजकुमार धीमान क्षेत्रीय सचिव बरेली की देखरेख में दो वर्षीय अधिवेशन में मंडल की कार्यकारिणी का गठन भी किया गया जिसमें अश्विनी माहेश्वरी को अध्यक्ष, बलजीत सिंह व प्रेरणा सिंह को उपाध्यक्ष, देशराज सिंह को जिला सचिव, जाबिर हुसैन व हेमपाल को मंडलीय सचिव, सचिन कुमार टांक को कोषाध्यक्ष सत्यभान सिंह को संगठन मंत्री चुना गया। इस मौके पर देवदत्त शर्मा, सौरभ कुमार, ब्रजेश कुमार, विक्रम सिंह, वीके सिंह, अतुल कुमार सहित काफी संख्या में डाक कर्मचारी मौजूद रहे।


मां सरस्वती की पूजा करते डाक कर्मचारी।

# दो बाइक की भिड़ंत में घायल दूसरे युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार** : दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। चार घायलों का इलाज चल रहा है जिनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

हादसा जरीफनगर थाना क्षेत्र के कस्बा नाधा के पास हुआ था। गांव कादरनगर निवासी मोहित (19) पुत्र जुगेंद्र अपने चचेरे भाई मनोज और अंकित के साथ कस्बा नाधा से अपने गांव बाइक से लौट रहे थे। नाधा के पास विपरीत दिशा से आई बाइक से उनकी बाइक की सामने से भिड़ंत हो गई थी। हादसे में मोहित की मौत हो गई थी।

# गर्मी का असर, बीमारियों ने पकड़ी रफ्तार

- जिला अस्पताल में भर्ती हो रहे बुखार और उल्टी दस्त के मरीज
- टाइफाइड से जूझ रहे मरीज सीएचसी पर भी बढ़ रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए गर्मी का असर साफ दिख रहा है। रविवार को अवकाश होने के बाद भी उल्टी-दस्त और बुखार के 11 मरीज भर्ती किए गए। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि गर्मी को देखते हुए बचाव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला अस्पताल में पिछले कई दिनों से सामान्य स्थिति थी। टाइफाइड और बुखार के मरीज आ रहे थे। बीच में मौसम ठंडा रहा इसलिए स्थिति ठीक रही लेकिन पिछले दो दिन से गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। गर्मी की मार झेल रहे अधिकांश लोग टाइफाइड और उल्टी दस्त के शिकार हो रहे हैं। आज उझानी क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लागंज निवासी ग्रामीण को बुखार की गंभीर स्थिति में भर्ती किया गया। डॉक्टर एसएम कमल ने बताया कि आज अनेक गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया है, इनमें उल्टी-दस्त के चार मरीज हैं। टाइफाइड के तीन और बुखार के चार मरीज भर्ती किए गए हैं। अवकाश होने के बाद भी मरीजों को भर्ती करना पड़ा। उन्होंने बताया कि यह गर्मी का असर है। अब आगे गर्मी और अधिक होगी तो स्थिति और विकट होने वाली है।

सीएमएस डॉ.अमित वार्ष्णेय ने बताया कि गर्मी को देखते हुए तीन वार्ड आरक्षित कर दिए गए हैं। इनमें बुखार और मलेरिया के मरीजों को भर्ती किया जाएगा। अभी तक बुखार के आठ से दस मरीज भर्ती हैं। आज भी अनेकों मरीज भर्ती किए गए हैं। अब गर्मी तेवर दिखाने लगी है जिससे संक्रामक रोगों के बढ़ने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में पर्याप्त वार्ड और बेड हैं। अभी तक मेडिकल वार्ड नहीं खोला गया है। यदि मरीजों की संख्या अगले सप्ताह तक और बढ़ती है तो मेडिकल वार्ड को खोलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अभी तक स्थिति नियंत्रण में है।


सीएमएस डॉ अमित वार्ष्णेय।

### अब कूलर से ठंडे किए जाएंगे वार्ड

गर्मी से राहत देने को सभी वार्डो में कूलर चलाने के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक केवल पंखे ही चल रहे थे। अब गर्मी अधिक होने लगी है इसलिए अब कूलर चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मलेरिया वार्ड में साफ-सफाई और मच्छरदानी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वार्डो को ठंडा बनाए रखने के कूलर चलेंगे।

### शौचालय व स्नानघर साफ रखने के निर्देश

जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में शौचालय और स्नानघर को साफ-सुथरा रखने की हिदायत दी गई है। सीएमएस ने शौचालय का निरीक्षण कर सफाई करने की हिदायत दी है जिससे मरीजों को दिक्कत न हो।

# तमंचे और कारतूस के साथ चार लोग गिरफ्तार, भेजा जेल

**उसावां/कादरचौक , अमृत विचार** : उसावां पुलिस ने रोड गश्त के दौरान एक युवक को ममौरी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले। आरोपी गांव नगरिया भूरी निवासी मिंटू पुत्र अतिराज उर्फ अतर सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा गया है। उस पर पहले से भी आबकारी व आर्म्स एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो चुकी है। वहीं कादरचौक पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव भमुईया निवासी अकील पुत्र जमील औ खितोलिया निवासी ओमकार पुत्र चंद्रपाल को दो तमंचे व दो जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। ओमकार पर मारपीट, धमकाने, हत्या, जानलेवा हमला मामले में कार्रवाई हो चुकी है।

उपलब्धि

सदर विधायक के प्रयास से शासन से मिली थी मंजूरी, जल्द शुरू किया जाएगा काम

# 3 .63 करोड़ से सुधरेगी शहर की यातायात व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : शहर में यातायात का स्वरूप बदलेगा। 3.63 करोड़ से कचहरी से मझिया रोड का चौड़ीकरण होगा। शहर के समग्र विकास व सुगम यातायात व्यवस्था को मजबूत करने को लेकर रविवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कचहरी से मझिया रोड चौड़ीकरण के कार्य का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक ने कहा कि कचहरी से मझिया रोड लंबे समय से संकरी होने के कारण क्षेत्र के लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इस सड़क के चौड़ीकरण से न केवल आमजन को जाम की समस्या से राहत मिलेगी बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। यह मार्ग भविष्य में शहर के लिए एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक बाईपास के रूप में विकसित होगा जिससे मुख्य मार्गों पर बढ़ते यातायात का दबाव कम होगा। इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने के लिए उन्होंने शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए थे। उनके प्रयासों के फलस्वरूप ही इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी प्राप्त हुई और आज इसका शिलान्यास संभव हो सका। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य बदायूं शहर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है, जिसके लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बदायूं में विकास कार्यों की श्रृंखला तेजी से आगे बढ़ रही है। सड़कों का सुदृढ़ीकरण, आधारभूत ढांचे का विकास और जनसुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता में शामिल है। कचहरी-माझिया रोड का चौड़ीकरण इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लोगों ने सदर विधायक का आभार जताया। उन्हा कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके चौड़ीकरण से हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी प्रकार के कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष अजय मथुरिया, मंडल अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मनोज मसीह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सोबरन सिंह राजपूत, सभासद पंकज शर्मा, केएल गुप्ता, दीपक सक्सेना, हिमांशु कठेरिया, सुरजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।


मझिया रोड के चौड़ीकरण का शिलान्यास करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

# सहालग को लेकर सजा बाजार, बढ़ गई रौनक

- 15 मार्च से खरमास के कारण नहीं थे लग्न मुहूर्त
- 15 अप्रैल से शुरू हो रही है सहालग, शादी वाले घरों में की जा रही खरीदारी
- बाजार में शादी समारोह को लेकर कपड़ों से की हो रही खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** दो दिन बाद फिर से बैंड बाजा बारात को दौर शुरू हो जाएगा। 15 अप्रैल से खरमास समाप्त हो रहा है। इसके बाद लग्न मुहूर्त शुरू हो जाएगा। लगभग दो माह बाद शुरू हो रहे सहालग को लेकर बाजार पूरी तरह से सज गया है। जिन घरों में मांगलिक कार्यों का आयोजन होना है, उनके द्वारा खरीदारी भी शुरू कर दी है। सोने चांदी के आभूषणों के साथ बाजार में कपड़ों की भी खरीदारी हो रही है। खरमास होने के कारण 15 मार्च से शुभ लग्न मुहूर्त कार्य रुके हुए थे। खरमास 15 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इसके बाद लग्न मुहूर्त के कार्य शुरू हो रहे हैं। सहागल शुरू होने से पूर्व ही दुकानदारों के द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई थी। बाजार में कपड़ों व आभूषण की दुकानों पर सर्वाधिक भीड़ देखी जा रही है। रेडीमेड कपड़ों के विक्रेता शोभित रस्तोगी ने बताया कि मौसम को देखते हुए गर्मियों वाले कपड़ों की रेंज मंगाई है। लहंगे में परतदार डिजाइन, लेजर-कट फूल, उभरे हुए डिजाइन बारीक कारीगरी वाले लहंगे का चलन अधिक है। भारी-भरकम रेशम की जगह ऑर्गेंजा, शिफॉन और जॉर्जेट जैसे हल्के और हवादार कपड़ों को लोग अधिक पसंद कर रहे हैं।


दुकान से साड़ी खरीदती महिलाएं। • अमृत विचार


ठेले से चूड़ी खरीदतीं महिलाएं। • अमृत विचार

### बाजार में साड़ी लहंगा और कुर्ती सलवार की मांग

15 अप्रैल से शहनाइयों की गूंज सुनाई देने वाली है। इससे बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी है। शादी समारोह के लिए लोग परिधानों की खरीदारी में जुटे हुए हैं। बाजारों में साड़ी, लहंगे, कुर्ती-सलवार सहित विभिन्न डिजाइनों के परिधान आए हैं। रविवार को शहर के मुख्य बाजार में रौनक रही। चूना मंडी बाजार में कॉस्मेटिक, चूड़ी, फुटवियर, रेडीमेड गारमेंट्स की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई।

### 15 मार्च को लगा था खरमास

ज्योतिषाचार्य पं. पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि 15 मार्च को खरमास लग गया था। इसके बाद से ही लग्न मुहूर्त कार्य बंद थे। अब खरमास 14 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। इस दिन सूर्य मेष राशि में प्रवेश कर जाएंगे। इसी तिथि से लग्न मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया का पर्व मनाया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

### अचानक गश खाकर गिरा व्यक्ति, हुई मौत

बिसौली आसफपुर रोड पर दोपहर के समय जोगी नवादा थाना बारादरी बरेली निवासी दीपू उम्र 40 पुत्र बाबूराम, अपने साथी रामेश्वर दयाल के साथ टीवीएस मोटर साइकिल के प्रचार के लिए होर्डिंग लगा रहे थे। वह अचानक गश खाकर गिर पड़े। उनके जमीन पर गिरने पर साथी रामेश्वर दयाल उन्हें जिला अस्पताल ले गया, जहां मौजूद डॉक्टरों ने दीपू को मृत घोषित कर दिया है।

### भानु प्रताप तहसील अध्यक्ष नियुक्त

बिल्सी, अमृत विचार : ऑल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन (आईरा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिला अध्यक्ष डॉ. वेदपाल सिंह कठेरिया ने रविवार को बैठक कर सुनील कुमार निवासी मोहल्ला नंबर 2 को बिल्सी तहसील प्रभारी तथा भानु प्रताप सिंह चौहान को बिल्सी तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश महासचिव अबरार अहमद ने उम्मीद जताई है कि नए पदाधिकारी संगठन की नीतियों पर चलते हुए पूरी ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नए पदाधिकारी संगठन को और अधिक बल व गतिशीलता प्रदान करेंगे और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए अपना अमूल्य सहयोग देंगे।


भानु प्रताप सिंह

### विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे कार्यकर्ता

बदायूं, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी की ओर से डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। जयंती पर पार्टी कार्यकर्ता संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजन उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर जनपद के सभी प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 14 अप्रैल को पार्टी के कार्यकर्ता सभी बूथों पर बाबा साहब के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करेंगे व संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करेंगे। साथ ही पार्टी कार्यकर्ता अनुसूचित जाति छात्रावास एवं अनुसूचित जाति बस्तियों में विशेष संपर्क अभियान चलाएंगे।

# लापता बच्चों की तलाश एसडीआरएफ करेगी

## गंगा में पानी बढ़ने के कारण नहाने गये गांव के बच्चों को नहीं हो सका गहराई का अंदाजा


बच्चे की मौत पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार


हादसे के बाद गंगा किनारे मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

अमृत विचार : गंगा में लापता हुए बच्चों की तलाश स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) करेगी। बताया जा रहा है कि नदी में पानी बढ़ने की वजह से बच्चों को गहराई का अंदाजा नहीं हुआ। इससे यह हादसा हुआ। हादसे के शिकार हुए लापता बच्चों की मां विमला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस बीच, हादसे में मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है।

पिछले सप्ताह पहाड़ों पर हुई बेमौसम बारिश की वजह से गंगा का जलस्तर बढ़ गया था। इसकी वजह से ग्रामीण परेशान थे। हालांकि कुछ दिनों के बाद पानी कम भी हो गया था। ग्रामीणों का कहना है कि गंगा किनारे रहने वाले ग्रामीणों के अलावा उनके बच्चों को भी गहराई का अंदाजा हो जाता है लेकिन पिछले दिनों जलस्तर बढ़ने की वजह से बच्चों का गहराई का अंदाजा नहीं हुआ होगा।

जमादार का लापता हुआ बेटा केशव पास के गांव नगला के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार और गुड्डू कक्षा तीन में पढ़ते थे। उम्र का ज्यादा फर्क न होने की वजह से वह दोनों मित्रवत व्यवहार रखते थे। र

विवार को वह सभी नहाने के लिए गए गंगा में घुसे ही थे कि पैर फिसल गया। उन्हें गहराई का अंदाजा नहीं हो सका। वह गंगा के पानी के बहाव में बह गए।

शोर सुनकर गंगा के पास खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और बच्चों को बचाने के लिए गंगा में छलांग लगाई। मौके पर अफरा-तफरी मची रही। डायल 112 पुलिस आई। सूचना मिलने पर थाने से भी फोर्स पहुंची।

- लापता बच्चों की मां विमला देवी का रो-रोकर है बुरा हाल
- मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से किया इंकार

आसपास के गांवों के गोताखोरों को बुलाकर बच्चों को तलाश कराया गया लेकिन पता नहीं चल सका। सीओ उझानी सुनील कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी की। उन्होंने बताया कि सोमवार को गंगा में फिर से बच्चों की तलाश शुरू कराई जाएगी। एसडीआरएफ की टीम और गोताखोर बच्चों की तलाश करेंगे।

# खेत में लगी आग से तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, बिल्सी


फसल में आग से उठती लपटें।

अमृत विचार : तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया में रविवार की शाम एक खेत में अचानक आग लगने से करीब तीन बीघा गेहूं की कटी पड़ी फसल जलकर राख हो गई। किसान को भारी नुकसान हुआ है। सूचना पर फायर बिग्रेड की गाड़ी और पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब तक अधिकांश फसल आग से जलकर राख हो चुकी थी। कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के खेतों की फसल को बचाया जा सका।

गांव निवासी धर्मवीर पाली पुत्र महावीर का खेत गांव के मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है। रविवार की शाम साढ़े पांच बजे आसपास के लोगों ने खेत से धुआं उठता देखा। जब तक लोग मौके पर पहुंचते। तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गेहूं की कटी पड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल एकजुट होकर बाल्टियों और उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका। कुछ देर बाद आग बुझाने के लिए गाड़ी भी पहुंच गई, लेकिन तब तक लगभग तीन बीघा फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। घटना की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो आसपास के खेतों की फसल भी इसकी चपेट में आ सकती थी, जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था। पीड़ित किसान ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

# मोदी-योगी सरकार की नीतियों से मजबूत हुआ जनविश्वास


गांव में भ्रमण पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे ग्राम व बस्ती चलो अभियान के तहत संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बिनावर मंडल के ग्राम व्योर और खेड़ा नवादा पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता और उतरना, खुनक, कंडेला में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने स्वच्छता अभियान चलाकर

- गांवों के विकास से ही देश का समग्र विकास संभव : महेश चंद्र गुप्ता

कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद करके उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उनका कुशलक्षेम भी जाना।

# अक्रूर महोत्सव : भक्ति और सांस्कृतिक छटा के बीच जुटे श्रद्धालु

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : अक्रूर जयंती के अवसर पर श्री अक्रूर सेवा समिति की ओर से ग्रीन हाउस में महोत्सव भव्यता और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। वार्ष्णेय समाज के लोगों ने न केवल बढ़-चढ़कर सहभागिता की, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का संकल्प भी दोहराया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय वैश्य बारहसैनी महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र कुमार वार्ष्णेय सर्राफ ने अक्रूर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण करके किया। भक्तिमय वातावरण के बीच सर्वप्रथम नव्या गुप्ता ने काव्य पाठ के माध्यम से अक्रूर के जीवन वृत्तांत और भगवान कृष्ण के साथ उनके अटूट व अनन्य संबंधों के बारे में बताया। उन्होंने द्वापर युग


महोत्सव के दौरान समाज के वृद्धजनों को किया गया सम्मानित।


दीप प्रज्वलित करते वैश्य बारहसैनी महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक सत्येंद्र कुमार वार्ष्णेय।

की उन यादों से जोड़ दिया जब अक्रूर साक्षात प्रभु के सानिध्य में थे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक नृत्य कला से समां बांध दिया। विशेष रूप से प्रियांशी वार्ष्णेय द्वारा करके इशारों बुलाए गई रे, बरसाने की छोरी'' भजन पर दी गई। नृत्य प्रस्तुति ने पंडाल में मौजूद हर व्यक्ति को झूमने

- महोत्सव के बाद वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से कराई गई भजन संध्या

पर मजबूर कर दिया। परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समिति के पदाधिकारियों सुरेश बाबू, लोकेश बाबू, अमित वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय और गोपाल वार्ष्णेय ने मुख्य अतिथि को पटका पहनाया और स्मृति चिह्न भेंट किया। समिति ने वार्ष्णेय समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं और वरिष्ठ वृद्धजनों को भी सम्मानित किया। जो नई और पुरानी पीढ़ी के बीच एक सुंदर सामंजस्य का प्रतीक बना। महोत्सव के अंतिम चरण में मनमोहन साही, हिमांशु गुप्ता, वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति की ओर से भजन संध्या हुई। भक्ति रस से सराबोर इन भजनों ने देर शाम तक श्रद्धालुओं को बांधे रखा। गांव बेहटा गुसाईं सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आए वार्ष्णेय बंधुओं का समिति ने स्वागत किया। अतिथियों ने कहा कि यह कार्यक्रम भाईचारे और गौरवशाली परंपराओं के संगम के रूप में याद किया जाएगा।

# जंगली सुअर के हमले में तीन वर्षीय बच्ची घायल

संवाददाता, कुंवरगांव


घायल बच्ची

अमृत विचार: रविवार को कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया जब एक जंगली सुअर अचानक रिहायशी इलाके में घुस आया और उत्पात मचाने लगा। सुअर ने रास्ते में आने वाले लोगों को दौड़ाया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान कस्बे में घर के बाहर खेल रही कस्बा निवासी अरविंद की तीन वर्षीय मासूम बच्ची पर सूअर ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुअर के हमले में बच्ची घायल

- रिहायशी इलाके में जंगली सुअरों के आतंक से लोगों में दहशत का माहौल

होने के बाद कस्बे में दहशत का माहौल बन गया। लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डर महसूस करने लगे है। बच्ची से हमले से पूर्व जंगली सुअर एक बर्तन की दुकान में घुस गया था। उसने दुकान मे जमकर आतंक मचाया। लोगों ने किसी तरह सुअर को भगाया। सुअर थाने के प्रांगण से होते हुए जंगल की ओर भाग गया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से जंगली जानवरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। फिलहाल घटना के बाद से पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। लोग अपने बच्चों को अकेले बाहर न भेजने की सलाह दे रहे हैं।

# अमीन संघ के जिला अध्यक्ष बने राकेश दीक्षित

बदायूं, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की बैठक रविवार को तहसील सभागार में हुई जिसमें जनपद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी गठन के दौरान राकेश कुमार दीक्षित को जिला अध्यक्ष और कुंवर पाल सिंह जिला मंत्री नामित किया गया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीपाल सिंह यादव, संगठन मंत्री मोहम्मद नूर, मुकेश कुमार सैनी कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष फकीर मोहम्मद, उपमंत्री ओमप्रकाश सिंह, सहमंत्री धूम सिंह, सह संगठन मंत्री महावीर सिंह, संरक्षक हरिओम शर्मा, ऑडिटर प्रीतम कुमार, मीडिया प्रभारी महफूज अली, कार्यालय प्रभारी ईशा खान, सह कोषाध्यक्ष रामशरण, प्रचार मंत्री हिरदेश मिश्रा, सांस्कृतिक मंत्री रवि कुमार पाल को नामित किया। पदाधिकारियों का संगठन के कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

# पिकअप में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : थाना उघैती क्षेत्र में चलती पिकअप में अचानक आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से पिकअप के इंजन से चिंगारी उठते ही चालक ने बाहर कूदकर जान बचाई। कुछ ही समय में पिकअप पूरी तरह से जल गई।

उघैती क्षेत्र के गांव घनसोली निवासी इब्ने हसन पुत्र इसरार पिकअप चलाकर नरैनी चौराहे से अपने घर लौट रहे थे। उघैती क्षेत्र में गांव राज बरौलिया के पास पिकअप के इंजन से धुआं उठा। अचानक तेज लपटें निकलने लगी। पिकअप की गति ज्यादा और हवा की वजह से आग पूरी पिकअप में फैल गई। इब्ने हसन ने सूझ से काम लिया और दरवाजा खोलकर बाहर कूद गए। मौके पर चीख-पुकार मच


आग लगने से जली पिकअप।

- शार्ट सर्किट के कारण इंजन में उठी चिंगारी से हुआ हादसा

गई। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक पिकअप पूरी तरह से जल चुकी थी।

# संस्कारों से आचरण होता है पवित्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : श्री दाताराम मेमोरियल इंटर कॉलेज में सामान्य प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पहला स्थान प्राप्त करने वाली संविलियन विद्यालय मल्लमाई की अंशिका का साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख वीरेंद्र कुमार राजपूत ने कहा कि प्रतिभाशाली बच्चे देश का गौरव है। महान लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

अध्यक्षता कर रहे स्काउट संस्था पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से चिंतन, चरित्र और आचरण पवित्र होता है, भावनाएं शुद्ध होती हैं। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान सूरज पाल शाक्य ने कहा कि बच्चे अपनी शक्ति को पहचानें और श्रेष्ठ ज्ञान अर्जित करें। संविलियन विद्यालय असरासी की छात्रा मुस्कान को द्वितीय पुरस्कार में कुर्सी सेट, संविलियन विद्यालय जलालपुर


प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंशिका को सम्मानित करता स्कूल प्रबंधन

- 453 बच्चे सम्मानित, मुस्कान को कुर्सी का सेट और आलिया को मिला फर्राटा पंखा

की छात्रा आलिया को तृतीय पुरस्कार में फर्राटा पंखा दिया गया। विद्यालय के व्यवस्थापक माधव सिंह ने बताया कि परीक्षा में 501 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें संविलियन विद्यालय असरासी, मल्लामई, जलालपुर, बारार्चिरा, रमजानपुर, बादुल्लागंज, लोहाठेर, पसेई, रेवा, सिवाया, हामिदपुर और प्राथमिक विद्यालय ललुआनगला, ढडूनगला, गरौलिया, मोहन नगला, कलुआ नगला, लोकी नगला, इस्माइलपुर, भदरौलिया के विजेता 453 छात्र-छात्राओं को प्रबंधका मोरकली, मुख्य अतिथि, संजीव कुमार शर्मा, विद्यालय संस्थापक अशोक कुमार, व्यवस्थापक माधव सिंह, प्रधानाचार्य अजब सिंह ने सम्मानित किया गया। चरन सिंह शाक्य, हर विलास, जोगेंद्र पाल, ओमकार, संगीता, कामिनी रानी, किरण कुमारी, सर्वराज सिंह, निशा, जगपाल, जगतपाल, शीतल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार ने किया।

प्रयास | मौसम, फसल और बीमारियों से जुड़ी समस्याओं का एआई से होगा समाधान

# नई कृषि तकनीक के सहारे होगी खेती-किसानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार: जिले के किसान भी नई तकनीक के सहारे खेती किसानी करेंगे। सरकार द्वारा जारी किए गए एआई आधारित भारत विस्तार ,प से किसानों को मौसम, फसल और बीमारियों से संबंधित समस्याओं को लेकर न सिर्फ जानकारी मिलेगी। बल्कि उपाय भी मिल जाएगा। इस ऐप के माध्यम से कृषक 24 घंटे के अंदर सटीक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। खास बात यह है कि यह एप बिना इंटरनेट कनेक्शन के चलेगा। जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। उप कृषि निदेशक ने किसानों से इस एप का डाउनलोड करने की अपील की है।

सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हर स्तर पर उन्हें सुविधाएं मुहैया करा रही है जिससे किसानों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़ा। इन्हीं प्रयासों के बीच सरकार ने भारत विस्तार ऐप लांच किया है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि सरकार द्वारा लांच किया गया भारत विस्तार ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। ऐप डाउनलोड करने के बाद किसान भाषा का चयन करें। इसके बाद भारती एआई से चैट या वॉइस के जरिए सवाल पूंछ सकेंगे। उन्होंने बताया कि डिजिटल तकनीक का यह कदम किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। इस ऐप के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। इसके जरिए किसान योजना की स्थिति चेक कर सकते हैं। किसान मौसम की जानकारी, मंडी भाव,कीट और फसल को बीमारी से बचाव की सलाह ले सकते हैं। जिसका उन्हें लाभ मिलेगा।

- किसान भारत विस्तार ऐप के माध्यम से जान सकेंगे खेती के संबंध में जानकारी
- उप कृषि निदेशक किसानों से सरकार ने लांच किए एप को डाउनलोड करने की कर रहे अपील

### ऐप से किसान ऐसे ले सकेंगे लाभ

उप कृषि निदेशक ने बताया कि किसान भारत विस्तार ऐप के माध्यम से मौसम का पूर्वानुमान, मंडी भाव, कीट एवं रोग नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य और फसल प्रबंधन से जुड़ी सलाह समय पर ले सकेंगे। इस एप के जरिए न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि लागत में भी काफी कमी आ जाएगी।

"सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत विस्तार ऐप लांच किया है। आत्मनिर्भर बनाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने में यह एप मील का पत्थर साबित होगा। किसान इस ऐपका डाउनलोड कर नई तकनीक का लाभ उठाएं

**मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक

# ट्रैक्टर से जुआ खेलने वाले दो आरोपियों को जेल भेजा

कुंवरगांव, अमृत विचार : कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव भगवतीपुर के जंगल में दो दिन पहले दो ट्रैक्टरों को आपस में बांधकर 50 हजार रुपये की शर्त लगाकर जुआ खेला गया था। पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक भगवतीपुर निवासी साजिद और भजपुरा निवासी मुसरिफ को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया। वहीं दोनों ट्रैक्टरों को सीज किया जाएगा। पुलिस के अनुसार दोनों ट्रैक्टर लोड लेकर शाहजहांपुर गए हुए हैं। वापस आने पर कार्रवाई की जाएगी। शहीद भगत सिंह पुलिस चौकी प्रभारी योगराज सिंह ने बताया कि दोनों युवकों को जेल भेजा गया है।

# जलभराव के विरोध में किया विरोध प्रदर्शन

संवाददाता, उझानी

अमृत विचार: कस्बे के वार्ड नंबर 17 मोहल्ले की सड़कों पर लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। इस समस्या से अब छुटकारा नहीं मिला है। मोहल्ले के लोगों ने कई बार नगर पालिका प्रशासन को इस समस्या को दूर करने के लिए मांग की, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। इस बीच, आक्रोशित मोहल्ले के लोगों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

मोहल्ले के लोगों का कहना है कि कल्याण चौक और उसके आसपास इलाके में लंबे समय से जलभराव है। जलभराव की वजह से लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है। मोहल्ले के निवासी विष्णु गुप्ता ने बताया की इस समस्या को दूर करने के लिए उनके द्वारा कई बार नगर पालिका व पीडब्ल्यूडी को शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं है। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि जलभराव की वजह से स्कूली बच्चों को दिक्कत होती है। बीते शनिवार को एक स्कूल जा रहा बच्चा पैर फिसलने से पानी भरे कीचड़ में गिर गया व वह घायल हो गया। लोगों ने कहा कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका परिसर में विरोध करेंगे। इस मौके पर यूसुफ, हरिओम साहू, विष्णु गुप्ता, विवेक कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

**न्यूज ब्रीफ**

## पुलिस ने कस्बे में किया फ्लैग मार्च की चेकिंग

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** रविवार को सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना अध्यक्ष राजेश कौशिक के नेतृत्व में कस्बे में फ्लैग मार्च किया। साथ ही वाहनों की चेकिंग की। पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने होली चौक, मुख्य सर्राफा मार्केट, मुख्य चौराहा, पुरानी पुलिस चौकी, बकरकसाब मोहल्ला एवं त्रिपोलिया सहित विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। साथ ही पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग की। पुलिस ने दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। पुलिस ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील भी की।

## आशा भोसले के कीर्तिमान पर पहुंचना आसान नहीं

**बदायूं, अमृत विचार :** पद्म विभूषण और दादा साहेब फाल्के अवार्ड, बीस भाषाओं में और बारह हजार से ज्यादा गीतों को स्वर देने वाली संगीत की आत्मा आशा भोसले के निधन पर समाजसेवी व वरिष्ठ साहित्यकार अशोक खुराना ने शोक संवेदना व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि उनके स्थापित कीर्तिमान तक पहुंचना आसान नहीं होगा। स्वर की थी जो आत्मा, विदा हुई वह आज। याद रखेगा सर्वदा, जग उनकी आवाज।


अशोक खुराना।

## महिलाओं से अभद्रता के विरोध पर पथराव

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** मदाला गांव में 11 अप्रैल की रात दलित परिवार में शादी समारोह चल रहा था। डीजे पर महिलाएं नृत्य कर रही थीं। इसी दौरान गांव निवासी ताहिर, बेटे अरकान व फुरकान व एक अन्य व्यक्ति पहुंचे और महिलाओं से अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विरोध किया तो आरोपी मारपीट करने लगे। इस दौरान सुरेंद्र को चोटें आईं। दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। एक वीडियो में कुछ लोग पथराव करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस पहुंची लेकिन तब तक आरोपी फरार हो गए। नोएडा के सेक्टर-53 निवासी सुरेंद्र की तरफ से मामला दर्ज किया गया है। सुरेंद्र मामा राजू के यहां शादी में आया था। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि ताहिर और दो बेटों सहित चार पर केस दर्ज किया गया है।

# खुले में शौचमुक्त गांव मदनजुड़ी विकास की राह पर

## गांव में तेजी से कराए जा रहे हैं विकास कार्य, पर ज्यादातर ग्रामीण खेती पर हैं निर्भर

- **गांव में दसवां स्थल, खेल मैदान और बारात घर की है जरूरत**

**संवाददाता, बिसौली**

**अमृत विचार :** शहर से लेकर गांवों तक तेजी से विकास किया जा रहा है। इसी फेहरिस्त में तहसील बिसौली क्षेत्र का गांव मदनजुड़ी शामिल हो गया है, जो खुले में शौच से पूरी तरह से मुक्त हो गया है। विकास की राह पर अग्रसर है। गांव में खेल मैदान, आरोग्य मंदिर को छोड़कर बाकी लगभग सभी सुविधाएं हैं।

नगर बिसौली से लगभग एक किमी दूर गांव मदनजुड़ी बसा है। गांव में लगभग 2200 मतदाता हैं। ज्यादातर ग्रामीण खेती पर निर्भर हैं। लगभग 80 प्रतिशत किसान फार्मर रजिस्टर में दर्ज हो चुके हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए प्राथमिक विद्यालय हैं जो जिले के अन्य विद्यालयों के लिये नजीर हैं। तीन आंगनबाड़ी केंद्र हैं। दो नवनिर्मित हैं। तीसरा दीवारों पर पेंटिंग के साथ सुसज्जित हैं। गांव में एक पंचायत घर बेहतर है जहां ग्रामीण अक्सर जाकर बैठते हैं। गांव का कोई भी व्यक्ति खुले में शौच नहीं जाता। उनके घरों पर शौचालय बने हुए हैं। गांव का सार्वजनिक शौचालय अच्छी स्थिति में है। गांव में एक छोटा सा पार्क है, जहां नियमित रूप से साफ-सफाई की जाती है। गांव के युवाओं के सामने खेल मैदान न होने की परेशानी है जिससे युवा जहां जगह मिलती है वहां जाकर खेलते हैं। गांव में आरोग्य मंदिर की जरूरत है। गांव के घरों के जल निकासी के लिए लगभग 15 साल पहले रामसहाय के ग्राम प्रधान रहने के समय बनाया गया नाला अनुपयोगी साबित होने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाला ज्यादा ऊंचाई पर बनने की वजह से कई बार पानी गांव में जमा हो जाता है। पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीण गांव के विकास से संतुष्ट हैं। तहसील स्तर से लेकर पुलिस से भी कोई परेशानी नहीं है।


जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माणाधीन टैंक। ● अमृत विचार


गांव का आंगनबाड़ी केंद्र। ● अमृत विचार

### दसवां के लिए बने जगह और खेल मैदान की जरूरत

ग्रामीणों के अनुसार गांव में दसवां स्थल और खेल मैदान की आवश्यकता है। गांव में अंत्येष्टि स्थल तो है लेकिन दसवां के आयोजन के लिए कोई जगह नहीं है। खंडहर हो चुके अंबेडकर स्वास्थ्य केंद्र को दसवां स्थल बनाया जा सकता है। वहां जगह भी पर्याप्त है लेकिन वहां कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। वहीं एक बारात घर की भी दरकार है।

> गांव में दो और आंगनबाड़ी केंद्र बनवाए गए हैं। अंत्येष्टि स्थल, एक छोटा पार्क, गांव का मुख्य द्वार, सीसी मार्ग के अलावा कुछ नालियां बनवाई गई हैं। सरकारी स्कूल में टाइल्स लगाये गये हैं। बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए शेड डलवाने के साथ कंप्यूटर कक्ष बनाया। जमीन न होने की वजह से बारात घर नहीं बन सका है। – **प्रीति शाक्य, ग्राम प्रधान**

# रामपुर में 4.88 लाख के नकली नोटों के साथ दो लोग गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- **एटा निवासी दोनों आरोपियों से नकली नोट बनाने के उपकरण भी बरामद**

**अमृत विचार :** पुलिस ने गंज क्षेत्र से 4 लाख 88 हजार कीमत के 200 रुपये के नकली नोटों के साथ एटा निवासी दो आरोपी राजवर्धन सिंह चौहान उर्फ आसू व चिराग सक्सेना को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से प्रिंटर सहित नोट बनाने में इस्तेमाल करने वाले उपकरण और अन्य सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि थाना गंज पुलिस ने 1 अप्रैल को बिलासपुर गेट के पास से सिनवान निवासी मोहल्ला गुइयां तालाब और मिन्हाज निवासी मोहल्ला चाह मोटे कल्लन को 10,500 रुपये के नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। विवेचना में राजवर्धन सिंह चौहान उर्फ आसू निवासी आगरा रोड द्वारिकापुरी थाना जिला एटा और चिराग सक्सेना निवासी कासगंज रोड मन्दाकनी पुरम थाना कोतवाली देहात जिला एटा के नाम प्रकाश में आए।

उन्होंने बताया कि थाना गंज एवं एसओजी की टीम ने शनिवार को चाकू चौक से पहले आरोपी चिराग सक्सेना को नकली नोटों के साथ गिरफ्तार कर लिया। चिराग की निशानदेही पर रविवार को क्रिस ग्रीन कॉलोनी जिला मेरठ से राजवर्धन सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से नकली नोट बनाने के उपकरण, 4,46,000 रुपये के 500 के जाली नोट, अधबने-कटे फटे 500, 200, 100 के जाली नोट कुल 42,200 रुपये जाली नोट बरामद किए। एसपी ने नकली नोटों के सौदागरों को पकड़ने वाली पुलिस को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# पत्नी की हत्या कर थाने पहुंचा पति बोला- मैंने मार दी

**कार्यालय संवाददाता,संभल/ रजपुरा**

- **संभल के रजपुरा के सिंघोली कल्लू गांव में रॉड से पीटकर ली जान**

**अमृत विचारः** संभल के रजपुरा के गांव सिंघोली कल्लू में पति-पत्नी के बीच कई दिनों से चल रहे विवाद के बाद पति ने पत्नी की रॉड से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद पति घर में ताला लगाकर थाने पहुंच गया और जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस को कमरे की चाबी सौंपकर कहा कि मैने पत्नी को मार डाला है यह लो कमरे की चाबी वहां लाश पड़ी है जाकर देख लो।

गांव सिंघोली कल्लू निवासी दुर्गेश कुमार की शादी करीब एक साल पहले बदायूं के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव विजयगढ़ी निवासी केवल सिंह की बेटी ज्योति प्रजापति(22) से हुई थी। शादी के बाद दोनों गांव के बाहर खेत में बने मकान में रह रहे थे। दुर्गेश का बाकी परिवार गांव के अंदर रहता है। बताया जाता है कि पति-पत्नी के बीच पिछले कुछ दिनों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार को दोनों में कहासुनी बढ़ गई। लगभग 11:30 बजे दुर्गेश ने पत्नी ज्योति को कमरे में बंद कर लिया और रॉड से उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। कई वार से ज्योति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हत्या के बाद दुर्गेश ने घर के दरवाजे पर ताला लगाया और रजपुरा थाने पहुंच गया। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों को चाबी देते हुए उसने कहा, मैंने पत्नी की हत्या कर दी है, जाकर देख लो। आरोपी की यह बात सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। थाना प्रभारी संदीप चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। ताला खुलवाया तो अंदर ज्योति का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। पूरा कमरा खून से सना था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घटना की जानकारी गांव के लोगों को तब हुई, जब पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्गेश अपने खेत में बने मकान में पत्नी के साथ अलग रह रहा था।


पति दुर्गेश के साथ ज्योति।

## गीदड़ के काटने पर बुजुर्ग को भटकाया, 50 रुपये लेकर इंजेक्शन लगाया

**संभल, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र के सैफ का सराय निवासी खुर्शीद(67) गीदड़ के काटने के बाद जिला अस्पताल पहुंचे। पहले इलाज से मना करने के बाद सुविधा शुल्क लेकर इंजेक्शन लगाया गया।

शनिवार को खुर्शीद खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक गीदड़ ने काट लिया। रविवार को परिजन उन्हें एंटी-रेबीज लगवाने जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। आरोप है कि स्वास्थ्य कर्मचारी ने इनकार कर दिया और कहा कि गीदड़ के काटने का इंजेक्शन नहीं है। परिजन अस्पताल में भटकते रहे। काफी देर गुहार लगाने के बाद कर्मचारी का रवैया बदला। इसके बाद 50 रुपये सुविधा शुल्क लेने के बाद ही खुर्शीद को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। इस बाबत सीएमएस डॉ. राजेंद्र सिंह का कहना है कि इस तरह की कोई शिकायत उनके पास तक नहीं पहुंची है।

# रोड़ी बजरी डालकर रोड भूल गया ठेकेदार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचारः** आवास विकास कॉलोनी में करीब तीस लाख की लागत से सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य को एक माह पूर्व शुरू किया गया था जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। सड़कों पर ठेकेदार द्वारा पत्थर आदि डालकर छोड़ दिया है। जिससे हादसे की संभावना बनी हुई है। कॉलोनी के लोगों ने आवास विकास परिषद के अधिकारियों से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है।

जनवरी माह के दौरान शासन स्तर से आवास विकास कॉलोनी की करीब छह सौ मीटर सड़कों के निर्माण के लिए तीस लाख का बजट जारी किया था। जिस पर तत्परता दिखाते हुए आवास विकास परिषद द्वारा टेंडर प्रक्रिया को पूरा करते हुए मार्च माह के प्रारंभ में कार्य शुरू करा दिया। नामित ठेकेदार ने भी सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करते हुए बरसात हुए गड्ढों को भरते हुए सड़कों पर पत्थर रोड़ी डलवा दी। कुछ दिन कार्य चलने के बाद बंद हो गया। जो अभी तक शुरू नहीं हो सका। ठेकेदार द्वारा सड़कों पर पत्थर रोडी डालकर छोड़ दिया गया। अब यह पत्थर और रोड़ी कॉलोनी के लोगों के लिए दुखदाई हो गए हैं। इससे हादसे की संभावना बन गई है। सबसे अधिक दिक्कत दो पहिया वाहन चालकों को हो रही है। पत्थर और रोड़ी पर चलना मुश्किल हो रहा है। कालोनी निवासी श्यामपाल, रोहित, मुकेश, अर्पित आदि ने आवास विकास परिषद के अधिकारियों से जल्द सड़कों का निर्माण करने की मांग की है।


सड़क पर पड़ी रोड़ी व बजरी। ● अमृत विचार

> आवास विकास कॉलोनी में सड़कों के निर्माण काम खराब मौसम के कारण रुक गया था। अब मौसम साफ हो गया है। निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है। जल्द ही सड़कें बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। **पारस सक्सेना**, जेई आवास विकास परिषद बदायूं

- **30 लाख की लागत से बनाई जा रही हैं सड़कें**

## गांव गुधनी में हुआ आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर में आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग आयोजित हुआ। सत्संग के दौरान हुए यज्ञ में आचार्य संजीव रूप, ईशा, उर्वशी आर्य ने वेद पाठ करते आहुतियां डाली। इस दौरान विद्वान आचार्य कहा कि स्वार्थी व्यक्ति कभी सुखी नहीं हो सकता, जबकि दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बनने वाला ही सच्चा महात्मा होता है। उन्होंने कहा कि जो लोग केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति में लगे रहते हैं, वे भले ही धन, पद और प्रतिष्ठा प्राप्त कर लें, लेकिन उनकी कीर्ति नष्ट हो जाती है और मन की शांति भी समाप्त हो जाती है। ऐसे लोगों को प्रकृति के कोप का सामना भी करना पड़ता है। आचार्य ने अथर्ववेद के लगभग 100 मंत्रों से विश्व शांति के लिए आहुतियां दिलाईं। उन्होंने कहा कि युद्ध समाप्त होना चाहिए, लेकिन बुराई का खात्मा भी आवश्यक है। बुराई के विरुद्ध संघर्ष जारी रहना चाहिए, परंतु केवल अपनी संप्रभुता बढ़ाने के लिए किया गया युद्ध अनैतिक है। इस मौके पर अगरपाल सिंह, विचित्रपाल सिंह, पंजाब सिंह, राकेश आर्य, नीरेश आर्य, सूरजवती देवी, कमलेश कुमारी, गुड्डी रानी आदि उपस्थित रहे।

# मायका पक्ष नहीं चाहता कार्रवाई, दोनों पक्ष में समझौता

**संवाददाता, उसहैत**

- **शुक्रवार आधी रात कार में आग लगने की वजह से जलकर हुई थी एएनएम प्रिया की मौत**
- **परिजनों ने लगाया था आरोप, शनिवार देर शाम थाने में खत्म हुआ विवाद**

**अमृत विचार :** शुक्रवार आधी रात कार में जलकर एएनएम की हुई मौत के मामले में परिवार के दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। शनिवार देर शाम मायका और ससुराल पक्ष की मौजूदगी में अटेना घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि अर्पित के भाई हर्षित ने दी। फॉरेंसिक जांच के बाद आगे की कार्रवाई हो सकती है।

इस प्रकरण में मायका पक्ष ने ससुरालीजनों पर आरोप लगाए थे। देर शाम थाने पर बैठकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। मृतक की मौसी ने पुलिस को लिखकर दिया है कि वह किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं चाहतीं।

मालूम हो कि उसहैत कस्बा के वार्ड छह निवासी अर्पित भारद्वाज पुत्र प्रमोद भारद्वाज लगभग सात साल से कादरचौक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर तैनात हुए थे। ढाई साल पहले उनकी शादी जिला लखीमपुर की तहसील निघासन के थाना मझगईं क्षेत्र के गांव अल्लीपुर कलां निवासी प्रिया के साथ हुई थी। प्रिया जिला बरेली की भमौरा सीएचसी पर एएनएम पद पर तैनात थीं। कुछ दिन पहले प्रिया को पथरी का दर्द होने लगा था जिसके चलते वह एक सप्ताह पहले अपने मायके चली गई थीं। जहां ज्यादा दर्द बढ़ने पर पलिया के एक अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन कराया था। वह अस्पताल में तीन दिन भर्ती रहीं। अर्पित के परिजन उनकी डेढ़ साल की बच्ची को लेकर दो दिन पहले घर लौट आए थे। गुरुवार को अस्पताल से प्रिया की छुट्टी कर दी गई थी जिसके बाद प्रिया एक दिन अपने मायके में रुकी थी। शुक्रवार शाम अर्पित और प्रिया वापस लौट रहे थे। शाहजहांपुर होते हुए अपने घर लौट रहे थे। उसहैत क्षेत्र के गांव रौता के पास कार में आग लगी और प्रिया की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। अर्पित भारद्वाज के पास आठ साल पुरानी टोयटा कोरोला कार थी जिसमें सीएनजी लगी थी। मायका पक्ष ने अर्पित पर आरोप लगाए। अर्पित और प्रिया के रिश्ते में मनमुटाव बताया। मायका पक्ष तहरीर देना चाहता था, लेकिन दोनों पक्ष के लोगों ने शनिवार देर शाम समझौता करा दिया। प्रिया की मौसी सुमन ने लिखकर दिया कि देर रात कार में आग लगने से प्रिया की मौत हुई है। जिसमें किसी का दोष नहीं है और वह कोई कार्रवाई भी नहीं चाहते। अर्पित के पिता ने मायका पक्ष को निश्चित की गई धनराशि का पीएनबी बैंक के तीन चेक दिए। वहीं अर्पित को चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर किया। अर्पित ने बताया कि वह कार चला रहे थे। आग की लपटें कार के भीतर उनके सामने से आई थीं जिससे उनका चेहरा झुलस गया। उन्होंने शीशे पर कोहनी मारी तो कोहनी में चोट लगी। कार का दरवाजा आधा खुल सका। वह बाहर आए। मुड़कर देखा तो पूरी कार आग की चपेट में आ गई थी। कार के दरवाजे लॉक हो चुके थे। बताया जा रहा है कि मायका पक्ष ने गांव के पास तराई की 10 बीघा जमीन 11 लाख रुपये में बेची थी जिसके रुपये अर्पित ने रखे थे। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। फॉरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट देखी जाएगी, अगर उसमें कुछ संदिग्धता नजर आती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दानापुर में मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस


लोगों को संबोधित करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, उस्मानपुर**

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में गांव चलो अभियान के अंतर्गत विधानसभा सहसवान के सहसवान ग्रामीण मंडल के ग्राम दानपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि मुनेंद्र सिंह मौर्य ने लोगों से कहा कि भाजपा सभी वर्गो को साथ लेकर चल रही है। सरकार ने गरीबों को योजनाओं से लाभान्वित किया है। इस मौके पर जिला संयोजक आईटी भाजपा के साथ में जिला संयोजक अनुराधा दीक्षित, सोशल मीडिया मंडल के महामंत्री प्रवीण कुमार गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, संजीव गुप्ता, मुकेश गुप्ता, बॉबी गुप्ता, शिवम गुप्ता, मदनलाल मस्ताना मौर्य, एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स**
193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली

पत्रांक: 2341, 2341 I **निविदा सूचना** दिनांक: 27.02.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि संस्था श्री नर्मदेश्वर महादेश मन्दिर प्रबन्ध समिति पता- मो. खकरा तह. व जिला पीलीभीत पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवेदन प्राप्त है शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्र. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | श्री आशुतोष अग्निहोत्री पुत्र श्री सुरेश चन्द्र | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अमिताभ अग्निहोत्री पुत्र श्री सुरेश चन्द्र | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्रीमती रेनुका पत्नी श्री अमिताभ | सचिव |
| 4. | श्रीमती वसुन्धरा अग्निहोत्री पत्नी श्री आशुतोष अग्निहोत्री | कोषाध्यक्ष |
| 5. | श्री अद्वितीय अग्निहोत्री पुत्र श्री अमिताभ अग्निहोत्री | सदस्य |
| 6. | श्री पवन विकास सक्सेना पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार सक्सेना | सदस्य |
| 7. | श्री अनुदीत अग्निहोत्री पुत्र श्री अमिताभ अग्निहोत्री | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाश के 15 दिन के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजी साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर / खीरी वृत्त, लो0नि0वि0,
सीतापुर

पत्रांक 1865 / 352सी / ई-टेण्डर-सी0खी0 / 2026-27 दिनांक 06.04.2026

-ई-प्रोक्योरमेण्ट निविदा सूचना -

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग में "मार्ग श्रेणी" में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद / खण्ड का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1- | खीरी / प्रा0खं0 | एन0एच0-24 से कुतुवापुर कैनाल ब्रिज मार्ग पर बी0सी0 द्वारा नवीनीकरण | 75.00 | 5.75 | 2715.00 | 02 माह | ए बी सी |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.04.2026 से 23.04.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 23.04.2026 को समय अपराह्न 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 12:30 बजे खोली जायेगी।

UP - 249481 दिनांक: 09/04/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(तरूणेन्दु त्रिपाठी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लखीमपुर खीरी

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर / खीरी वृत्त, लो0नि0वि0, सीतापुर।


# पहले दिन तीन सौ घरों तक पहुंचीं आशा-आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **30 अप्रैल तक चलेगा संचारी दस्तक अभियान, घर घर दी दस्तक बीमार लोगों को किया चिन्हित**

**अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शनिवार से दूसरा चरण शुरू हो गया है जिसके तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तीन सौ घरों तक पहुंची। करीब सौ बीमार लोगों को चिन्हित किया गया। कुपोषित बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई।

अप्रैल माह में हर साल संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के प्रथम चरण में एक से दस अप्रैल तक जान जागरूकता अभियान चलाया जाता है। साफ सफाई पर काम किया जाता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। शनिवार से अभियान का दूसरा चरण शुरू कर दिया गया है। दूसरे चरण में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गांव गांव घर घर जाने के निर्देश हैं। उक्त निर्देशों के तहत ब्लॉक जगत के ग्राम ईकरी में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने घर घर दस्तक दी। घरों में बीमार लोगों को चिन्हित किया। संक्रामक बीमारियों के बारे में जानकारी दी। आशा और आंगनबाड़ी ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियां संक्रामक रोग में आती हैं इसलिए अपने घरों में और बाहर साफ सफाई रखें। जिससे मच्छर न पनप सकें। नालियों में सफाई करें। पानी का बहाव तेज रखें जिससे गंदा पानी बह जाए।

ग्राम वसियानी और खरखोली खुर्द में आशा पवनेश ने ग्रामीणों को बताया कि घरों में यदि कोई बीमार है तो उसकी जानकारी दें। आशा ने दर्जनभर से अधिक बीमार लोगों को चिन्हित किया जबकि चार कुपोषित बच्चों को जिला अस्पताल के एनआरसी वार्ड में भर्ती कराने की सलाह दी।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दूसरे चरण दस्तक अभियान की जानकारी देते हुए ब्लॉक जगत के एमओआईसी नोडल डा. मोहम्मद असलम ने बताया कि आज पहले दिन विभिन्न ब्लॉक क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने करीब तीन सौ बीमार लोगों को चिन्हित किया जबकि दो दर्जन से अधिक कुपोषित बच्चों को खोज निकाला है। कुपोषित बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गयी है जिससे वह स्वस्थ हो सकें।

उन्होंने बताया कि आज से शुरू हुआ दस्तक अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के तहत हर गांव तक आशा आंगनबाड़ी पहुंचेंगी। संचारी रोगों के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देंगी। एवं संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताएगी।

### जमीनी स्तर पर नहीं दिखा प्रथम चरण

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रथम चरण में स्कूली बच्चों की जागरूकता रैलियां आयोजित कराई जानी थीं। लेकिन कहीं पर भी जनपद में जागरूकता अभियान नजर नहीं आया। अभियान के बारे में लोगों को जानकारी भी नहीं है। एक अप्रैल को जागरूकता रैली का शुभारंभ करने के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा कहीं पर रैली का आयोजन नहीं किया गया। इसलिए प्रथम चरण केवल कागजों में ही चलाया गया। जमीनी स्तर पर अभियान का असर नहीं दिखा।


घर पर दस्तक देती आंगनबाड़ी कार्यकत्री।

